

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

संवत 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष एक मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 30 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 भारतीय वायुसेना : साहस, समर्पण और शक्ति का संगम

रानी को इस फिल्म के लिए मिलना चाहिए था राष्ट्रीय पुरस्कार 6


# पारंपरिक मुड़मा मेला आज से शुरू, दो दिनों तक चलेगा सांस्कृतिक उत्सव

संवाददाता

**रांची :** जिले के मुड़मा गांव में आज से पारंपरिक मुड़मा मेला की शुरूआत हो गई है। हिंदी पंचांग के अनुसार, हर साल कार्तिक महीने के पहले दिन से मेला शुरू होता है और दो दिन तक चलता है।

विधिवत पूजा कर होती है मेले की शुरूआत

मुड़मा मेला झारखंड की आदिवासी परंपरा और संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। मेले की शुरूआत सबसे पहले पाहन (पुजारी) द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ होती है। पूजा के बाद 40 पाड़हा (गांव समूह) के लोग अपने पारंपरिक वस्त्र पहनकर जुलूस निकालते हैं। मांदर की थाप पर नृत्य कर लोग अपनी पारंपरिक पहचान और एकता का प्रदर्शन करते हैं।

आदिवासी जीवनशैली व परंपरा की झलक

मेले में आदिवासी जीवनशैली और परंपरा की झलक देखने को मिलती है। यहां पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र, लोक वाद्ययंत्र, हस्तशिल्प, मिट्टी के बर्तन, बांस से बने सामान से लेकर घरेलू पकवान और लोक व्यंजन तक सब कुछ उपलब्ध होता है।

एनएच-39 मार्ग पर यातायात व्यवस्था में बदलाव

आज मेले का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आगंतुकों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने ठल्र-39 मार्ग पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। अगले दो दिनों तक इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक रास्ते से डायवर्ट किया गया है, ताकि मेला क्षेत्र में जाम या दुर्घटना की स्थिति न बने।

मुड़मा मेला का इतिहास

मुड़मा मेले की शुरूआत कब हुई, इसकी कोई लिखित प्रमाणिक जानकारी नहीं मिलती, लेकिन लोकगीतों और किवदंतियों के अनुसार, यह मेला उरांव जनजाति के पलायन से जुड़ा हुआ है।

कहा जाता है कि जब मुगलों ने रोहतासगढ़ पर अधिकार कर लिया था, तब वहां रहने वाले उरांव समुदाय के लोगों को अपना गढ़ छोड़ना पड़ा था। वे सोन नदी पार करते हुए पलामू से गुजरकर वर्तमान रांची जिले के मुड़मा इलाके में पहुंचे थे।

यहां उनका सामना मुंडा जनजाति के मुखिया (मुंडा) से हुआ। उरांव लोगों की व्यथा सुनकर मुंडाओं ने उन्हें जंगल के पश्चिमी हिस्से को साफ कर बसने की अनुमति दी। इस ऐतिहासिक समझौते की याद में उरांव समुदाय के 40 पाड़हा के लोग हर साल इस मेले का आयोजन करते हैं, जिसे मुड़मा जतरा कहा जाता है।



## बिहार विधानसभा चुनाव : जीतनराम मांझी ने मांगी '15 सीटें'



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद भी दोनों गठबंधनों में सीट बंटवारे को लेकर पेंच फंसा दिख रहा है। सीटों को लेकर दोनों गठबंधनों में सबकुछ ठीक होने के दावे भले किए जा रहे हों, लेकिन सीटों की घोषणा अब तक नहीं हो पाई है। इस बीच, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर एक कविता शेयर की है। माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इस कविता के जरिए अपनी पार्टी के लिए 15 सीटों की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हो न्याय अगर तो आधा दो, यदि उसमें भी कोई बाधा हो, तो दे दो केवल 15 ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम, 'हम' वही खुशी से खाएंगे, परिजन पे असी ना उठाएंगे। दरअसल, जीतनराम मांझी इससे पहले भी सम्मानजनक सीटों की मांग करते रहे हैं। इस बीच, उन्होंने कविता के जरिए सीटों की संख्या की ओर इशारा किया है।

इससे पहले के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, विनोद तावड़े और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात की थी और कहा जाता है कि उस समय सीट बंटवारे को लेकर ही सभी नेताओं में चर्चा हुई थी। इससे पूर्व एनडीए में शामिल लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने भी इशारों ही इशारों में अपने पिता रामविलास पासवान के कथनों को उद्धृत करते हुए एक्स पर पोस्ट पर लिखा, ₹पापा हमेशा कहा करते थे - ₹जुर्म करो मत, जुर्म सहो मत। जीना है तो मरना सीखो, कदम-कदम पर लड़ना सीखो।

बता दें कि चुनाव आयोग ने छठ पूजा के बाद चुनाव की तारीखें तय की हैं। पहले चरण में बिहार में छह नवंबर को वोट डाले जाएंगे, जबकि दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा और मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी। इससे पहले चुनाव आयोग की टीम के साथ बैठक में जदयू और राजद समेत कई राजनीतिक दलों ने चुनाव की तारीखें छठ पूजा के बाद रखने का आग्रह किया था।

# धनबाद में पति-पत्नी और बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**धनबादः** जिले के जोगता थाना क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में एक दंपती और उनकी दो साल की बच्ची का शव बरामद किया गया है। उनकी मौत कैसे हुई है, इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना जोगता थाना क्षेत्र के सिजुआ स्थित न्यू साइडिंग नंबर वन कॉलोनी में हुई। पुलिस के अनुसार, 26 वर्षीय राजा अंसारी, उनकी पत्नी 21 वर्षीय अमीना खातून और 2 वर्षीय मायरा के शव उनके घर में संदिग्ध




परिस्थितियों में मिले। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तीनों को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। फिलहाल, परिवार के किसी भी सदस्य के मौके पर न पहुंचने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों का इंतजार कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, राजा अंसारी कुछ दिन पहले ही अपनी पत्नी और बेटी के साथ किराए के मकान में रहने आए यहां थे। पहले वह अपने माता-पिता के साथ रहते थे। राजा राजमिस्त्री का काम करते थे। मंगलवार की रात वह कतरास से काम से घर लौटे थे। उस दौरान उनके हाथ में सब्जियों से भरा एक प्लास्टिक का थैला था।

घटना के बाद, जब पुलिस उनके घर पहुंची, तो तीनों के शव मिले। प्लास्टिक की थैलियों में भरी सब्जियां और एक पीला तरल पदार्थ मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जहां अमीना खाना बना रही थी, वहां हीटर लगे थे।

पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया करंट लगने से मौत की बात कही जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि बच्ची हीटर के संपर्क में आ गई, जिसे उसकी मां बचाने की कोशिश कर रही थी। इस दौरान मां भी करंट की चपेट में आ गई। जब पति राजा अंसारी पहुंचा, तो उसने अपनी पत्नी और बेटी को बचाने की कोशिश की, जिससे वे भी करंट की चपेट में आ गए। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक मौत के असली कारण का पता लगाना मुश्किल है। पुलिस भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# हम सिर्फ आसमान के नहीं, राष्ट्र के सम्मान के भी रक्षक हैं: वायुसेना प्रमुख

**नई दिल्ली :** गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर वायुसेना का 93वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस भव्य समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने कहा कि भारतीय वायुसेना आज तकनीक, कौशल और क्षमता तीनों में अग्रणी है। उन्होंने कहा, ह्लमुझे गर्व है कि मैं ऐसी वायुसेना का हिस्सा हूं जो न केवल अत्याधुनिक तकनीक से लैस है बल्कि साहस और समर्पण में भी अतुलनीय है। हमारे वायु वीरों ने हर युग में इतिहास रचा है। 1948, 1971, 1999 के युद्ध हों या फिर बालाकोट एयर स्ट्राइक और हालिया ऑपरेशन सिंदूर, हर बार भारतीय वायुसेना ने देश की रक्षा और सम्मान की नई मिसाल कायम की है। यहां सीडीएस, वायुसेना प्रमुख, थलसेनाध्यक्ष व नौसेना की मौजूदगी में हेरिटेज विमानों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। तीनों सेनाओं के मार्चिंग दस्ते ने अपना प्रदर्शन किया। वायुसेना सेना के परेड दस्ते ने कदम ताल करते हुए सबका ध्यान आकर्षित किया। वहीं इस दौरान अपने संबोधन में एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा, ह्लहम न केवल आसमान के रक्षक हैं, बल्कि राष्ट्र के सम्मान के संरक्षक भी हैं।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की निर्णायक कार्रवाई ने भारत की रणनीतिक स्थिति को और मजबूत किया। यह ऑपरेशन इस बात का प्रमाण है कि समर्पण, नियमित अभ्यास और प्रशिक्षण के जरिए



कितनी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हर स्तर पर नेतृत्व अग्रिम मोर्चे से किया जा रहा है, और यही भारतीय वायुसेना की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कहा, ह्लहम सब मिलकर इस वायुसेना को बनाते हैं। हर वायु योद्धा का योगदान अमूल्य है। चाहे शांति का समय हो या युद्ध का, हर एक का कार्य उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने यहां ऑपरेशन सिंदूर व अन्य ऑपरेशन में शामिल रहे एयर वॉरियर्स को सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने समस्त एयर वॉरियर्स को संदेश दिया कि निरंतर प्रशिक्षण और आत्म अनुशासन से ही वायुसेना की शक्ति बनी रहती है। उन्होंने कहा, ह्लयह आवश्यक है कि हम नियमित प्रशिक्षण से खुद को हर कार्य के लिए सक्षम बनाएं। हर वायु योद्धा को यह संकल्प लेना चाहिए कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, मैं कभी कमजोर नहीं पड़ूंगा और इस श्रृंखला को टूटने नहीं दूंगा। एकजुट होकर हम हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। भविष्य की तैयारियों पर बल देते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सतर्कता और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा, ह्लहमें उभरती चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। हमारे प्रशिक्षण और रणनीतियां समय के साथ बदलती तकनीक और परिस्थितियों के अनुरूप होनी चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने बीते वर्ष के दौरान न केवल राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, बल्कि मानवीय राहत कार्यों में भी अद्वितीय भूमिका निभाई है। वायुसेना हमारे देश की पहली प्रतिक्रिया देने वाली शक्ति रही है। जब भी देश में कोई आपदा आई, चाहे वह असम में कोयला खदान हादसा हो, मेघालय या सलेम (तमिलनाडु) में सुरंग बचाव अभियान, मणिपुर और सिक्किम में भूस्खलन या बाढ़ की स्थिति हो, हमारे एयर वॉरियर्स ने हर बार तत्परता से राहत और बचाव कार्यों में भाग लिया। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि देश के भीतर ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी भारतीय वायुसेना ने संकट की घड़ी में मानवीय सहायता पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि संकटग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने से लेकर, म्यांमार, लाओस, वियतनाम और केन्या जैसे देशों तक राहत सामग्री और मानव संसाधन पहुंचाने में भारतीय वायुसेना ने ह्यसेवा परमो धर्मःह्ल की भावना को साकार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना की करुणा, तत्परता और विश्वसनीयता ने दुनिया के सामने यह सिद्ध किया है कि हमारी वायुसेना केवल एक सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि मानवता की रक्षक भी है। एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने आगे कहा कि बीते वर्ष भारतीय वायुसेना ने कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में हिस्सा लिया, जिनमें हमारी टीमों ने अपने उच्च व्यावसायिक कौशल, रणनीतिक कुशलता और ह्यइंटरऑपरेबिलिटीह्ल का प्रदर्शन किया। इससे भारत के सैन्य संबंध और राजनयिक संबंध दोनों मजबूत हुए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नए सिस्टम, हथियारों और तकनीकी उपकरणों के साथ परिचालन योजनाओं में तेजी से एकीकरण हुआ है। सुरक्षा, अनुशासन और जवाबदेही की संस्कृति ने वायुसेना में नई ऊंचाइयां दी हैं, जिसके परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं और घटनाओं में स्पष्ट कमी आई है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि नेतृत्व के हर स्तर पर अधिकारी अपने कर्मियों के साथ अग्रिम मोर्चे पर खड़े हैं, उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण और प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने सभी पूर्व वायुसेना कर्मियों (वेटरन्स) के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो हम हैं, वह उनकी दूरदर्शिता, अनुशासन और समर्पण की विरासत का परिणाम है। अपने संबोधन के अंत में वायुसेना प्रमुख ने पश्चिमी वायु कमान, सभी एयर स्टेशन, मुख्यालय के अधिकारियों, परेड में शामिल सभी एयर वॉरियर्स तथा राज्य प्रशासन को उनके सहयोग और उत्कृष्ट आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, यह आयोजन न केवल हमारी गौरवशाली विरासत का प्रतीक है।

## आज देश के लगभग हर जिले में 5 जी: पीएम मोदी



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मेड-इन-इंडिया 4जी स्टैक टेक वर्ल्ड में भारत की लीडरशिप का प्रमाण है और यह अब निर्यात के लिए तैयार है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह विकासआत्मनिर्भर भारत विजन की मजबूती और पिछले एक दशक में दूरसंचार क्षेत्र में हुई भारत की प्रगति को दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 5जी कनेक्टिविटी अब देश के लगभग हर जिले तक पहुंच गई है, जो उन दिनों की तुलना में एक बड़ी उपलब्धि है जब भारत 2जी नेटवर्क के लिए संघर्ष कर रहा था। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, एक लाख टावर लगाने की उपलब्धि से भारत ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है, जो कि दिखाता है कि देश बड़े स्तर पर टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर पीएम मोदी ने कहा, ₹नए 4जी नेटवर्क से तेज इंटरनेट स्पीड, अधिक विश्वसनीय सेवाएं और निर्बाध कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत की तकनीकी बढ़त और मजबूत होगी।₹

इसके अलावा संबोधन में प्रधानमंत्री ने देश के इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल मैन्युफेक्चरिंग में हुई प्रगति के बारे में बताते हुए कहा कि 2014 के बाद उत्पादन छह गुना बढ़ा है, जबकि मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग 28 गुना और निर्यात में 127 गुना की बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि में स्टार्टअप और इनोवेशन की भूमिका को अहम बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ₹इंडिया मोबाइल कांग्रेस अब एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम बन गया है, जो ग्लोबल स्टेज पर देश के टैलेंट और इनोवेशन को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री ने इस सफलता का श्रेय भारतीयों की कर-बचत की मानसिकता और भारतीय युवाओं की ऊर्जा को भी दिया, जिसने देश को वैश्विक दूरसंचार और डिजिटल टेक्नोलॉजी में अग्रणी स्थान दिलाया है।



## गिरिडीह में फायरिंग, निजी गार्ड पर जानलेवा हमला

**गिरिडीहः** जिला में एक युवक को गोली मारी गई है। युवक की गर्दन पर हमला हुआ है। हमले में घायल युवक को स्थानीय मुखिया मुन्नालाल ने सदर अस्पताल में भर्ती करवाया है। घायल युवक मुफ्फसिल थाना इलाके के कोरबेड़ा निवासी राज दशरथ टुडू (36 वर्ष) है। घायल युवक के अनुसार वह निजी गार्ड की नौकरी करता है।

मंगलवार की शाम को वह ड्यूटी से वापस घर जा रहा था। वह बाइक पर सवार था और जैसे ही एएनएम कॉलेज के पास पहुंचा तो पीछे से एक बाइक पर आ रहे तीन युवकों ने उसपर गोली चला दी। गोली उसके गर्दन पर लगी। इधर अस्पताल लाने के बाद युवक के जख्म का इलाज किया गया। वहीं एक्सरे करवाया गया। एक्सरे में गोली नहीं मिली है।

बरहमोरिया पंचायत के मुखिया मुन्नालाल ने बताया कि मंगलवार शाम में वह गिरिडीह से घर जा रहा था। अभी वह एएनएम कॉलेज के समीप पंहुचा तो देखा कि घायल अवस्था में राज जमीन पर गिरा पड़ा है। उसने पहले घायल को उठाया फिर पुलिस को सूचित करते हुए राज को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। उसने पूछताछ की तो घायल ने बताया कि तीन अज्ञात युवकों ने हमला किया है।

घायल का यह भी कहना था कि उसके ऊपर गोली चलायी गई है। यह भी बताया कि वह जब बदडीहा से आगे बढ़ते हुए जैसे ही बरहोमोरिया की तरफ बढ़ा तो बाइक पर सवार तीनों युवकों ने पहली गाली बकी फिर गोली मार दी। मुन्नालाल ने बताया कि राज गार्ड का काम करता है जबकि उसकी पत्नी पारा टीचर है। मुन्ना ने यह भी बताया कि आसपास के लोग भी कह रहे हैं कि गोली की आवाज सुनी गई है।

पुलिस ने शुरू की जांच

इस घटना की सूचना पर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, मुफ्फासिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो के अलावा सब इंस्पेक्टर संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। घटनास्थल पर जांच करने के बाद एसडीपीओ और थानेदार सदर अस्पताल पहुंचे और घायल से बात की।

# उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा पर बैठक दुर्घटना रोकथाम के दिए कड़े निर्देश

संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा संबंधी एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में अगस्त एवं सितंबर माह के दौरान घटित सड़क दुर्घटनाओं का विस्तृत विश्लेषण करना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था।

बैठक में उपायुक्त ने हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, दर्ज एफआईआर और अब तक की गई जांच व कार्रवाई की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटना के कारणों का गहन विश्लेषण करके पुनरावृत्ति रोकने के प्रभावी कदम उठाए जाएं।

श्रीमती रॉनिटा ने सभी संबंधित विभागों झ्र पुलिस, परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), राज्य राजमार्ग (एसएच), आरसीडी आदि झ्र के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपायों




को तुरंत मजबूत किया जाए। उन्होंने सड़कों की मरम्मत, रम्बल स्ट्रिप्स, सड़क संकेतक (साइनेज), स्ट्रीट लाइट और अन्य जरूरी सुरक्षा प्रावधान शीघ्र पूरे करने के आदेश दिए।

उपायुक्त ने पुलिस पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाने, नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने और यातायात नियमों के शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, ओवरस्पीडिंग, लापरवाह ड्राइविंग और ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे गंभीर अपराधों पर कड़ी नजर रखने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

बैठक में हिट एंड रन के मामलों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने लंबित मामलों को तुरंत निपटाने और पीड़ितों के आश्रितों को मुआवजा राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एक महत्वपूर्ण निर्देश के तहत, उन्होंने 'गुड सेमेरिटन' नीति को सक्रिय रूप से लागू करने को कहा, जिसके तहत दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले लोगों को प्रोत्साहन राशि और सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक सहयोगियों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाया जाए। बैठक में डीएसपी मुख्यालय, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई, कार्यपालक अभियंता (आरसीडी, एनएच, एसएच) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के डाहा गांव में एक महिला ने घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतिका महिला की पहचान डाहा निवासी सुरेन्द्र यादव के (22 वर्षीय) पत्नी नेहा कुमारी के रूप में हुई। वह पिछले दो माह से मानसिक बीमारी से पीड़ित थी ।घटना के समय नेहा कुमारी घर पर अकेली थी। वह मायके से 2 अक्टूबर को अपने ससुराल आई थी।पति सुरेन्द्र यादव औरुगेरुआ स्कूल बच्चों को पढ़ाने गए हुए थे। सुरेन्द्र जब औरुगेरुआ से घर लौटे तो उन्होंने पत्नी को कमरे में मृत अवस्था में देखा जब वह पंखा की ओर देखा तो पाया कि एक रब्बर की रस्सी पंखा में लटका हुआ है। उन्होंने तुरंत हंटरगंज थाना पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा और सब इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम अग्निहोत्री दल बल साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतिका के पिता बिहार के गया जिला के आमस थाना क्षेत्र के छोटका बहेरा निवासी दूधेश्वर यादव का कहना है कि मृतिका नेहा की पिछले दो माह से दिमागी हालत ठीक नहीं थी। मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण मृतिका ने यह कदम उठाया होगा। हालांकि पुलिस जांच में जुटी हुई है।इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। और परिजनों का रो रो का बुरा हाल है।

## बाइक और टेंपू की टक्कर, दो घायल



**चतरा :** जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के चतरा-डोभी मुख्य पथ पर बानसिंह निमार्णाधीन जियो पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक और टेंपू के बीच जोरदार टक्कर हुई ।टक्कर इतना जोरदार था की बाइक पर सवार व्यक्ति बाइक से कुछ दूर गिर कर घायल हो गया।जिसके बाद अनियंत्रित टेंपू एक सड़क किनारे खड़ी कार से जा टकराई जिससे टेंपू क्षतिग्रस्त हो गई। वही टेंपू पर सवार महिला नीचे गिरकर घायल हो गई।जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने बाइक सवार व टेंपू सवार दोनों को जोरी सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में पहुंचाया ।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घायल महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया ।चिकित्सकों के अनुसार महिला का दोनों पैर टूट चुका है,वही सिर पर गंभीर चोट पहुंची है। घटना मंगलवार दोपहर 2 की बताई जाती है। घायलों की पहचान बिहार के गया जिले के रौशनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लेंबोया गांव निवासी राजेश ठाकुर के 60 वर्षीय पत्नी शांति देवी है। जबकि बाइक सवार जोरी बीएसएनएल टॉवर स्थित ध्रुवानंद कुमार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार ध्रुवानंद गैस एजेंसी से बाइक पर गैस की टंकी लेकर सड़क पर निकला ही था कि अचानक टेंपू ने सीधे टक्कर मार दी। बताया जाता है कि टेंपू चालक हंटरगंज की ओर से सवारी लेकर जोरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार होने के कारण अनियन्त्रित होकर बाईक से टकराने के बाद सड़क किनारे एक कार से टकरा गई ।फिलहाल पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल कर , बाइक और टेंपू को थाने ले आई है।

## दुकानदारों व ऑटो चालकों का थाना प्रभारी ने दिया निर्देश



**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के कौलेश्वरी मेनरोड स्थित टोटो स्टैंड में जाम और दुकानदारों व टोटो चालकों के द्वारा अतिक्रमण किये जाने के खिलाफ हंटरगंज पुलिस ने अभियान चलाया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने टोटो चालको व दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील की। कहा कि मेन रोड में वाहन खड़ा करने और अतिक्रमण के कारण जाम लगी तो वैसे लोगो पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने दुकानदारों से यू कहा कि अपने दुकान के सामने सड़क पर बाइक ना लगने दे। सड़क पर छोटे बड़े वाहनों के खड़ा करने के कारण आये दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसके कारण लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कड़े शब्दों में दुकानदारों व टोटो चालकों को हिदायत देते हुए कहा कि अगर मना करने के बाद भी कोई बीच सड़क पर बाइक या टोटो लगता है तो बाइक का फोटो नंबर के साथ खींचकर हंटरगंज थाना को दे। उन लोगो के ऊपर तत्काल का कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान थाना प्रभारी ने देखा कि टोटो स्टैंड के पीछे कचरा का अंबार है।इस पर दुख प्रकट करते हुए वहां मौजूद दुकानदारों तथा टोटो एव ऑटो चालक के साथ वार्ता कर सभी को सख्त हिदायत देते हुए निर्देश दिया कि वह आसपास के स्थल को साफ सुथरा रखें। वही टोटो एवं ऑटो क्रमबद्ध से स्टैंड में लगावें।टोटो एवं ऑटो चालक आपस में समन्वय स्थापित कर अपना एक संगठन बनाएं।इस संगठन के माध्यम से टोटो तथा ऑटो का परिचालन करें। साथ ही उस स्थल की साफ सफाई की जिम्मेदारी लें। इस दौरान सैकड़ों टोटो चालक और दुकानदार मौजूद थे।

# खूंटी सदर अस्पताल में एनेस्थीसिया डॉक्टर के अभाव से परेशान मरीज

## दिलीप मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को लिखा पत्र, तत्काल डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की

संवाददाता

**खूंटी :** जिला के सदर अस्पताल में लंबे समय से एनेस्थीसिया (बेहोशी) विशेषज्ञ डॉक्टर के पद खाली होने के कारण मरीजों को ऑपरेशन के लिए दिनों इंतजार करना पड़ रहा है और उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को उजागर करते हुए झारखंड विकास मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को एक पत्र लिखकर तत्काल एक एनेस्थीसिया डॉक्टर की नियुक्ति करने की मांग की है।

दिलीप मिश्रा ने अपने पत्र में बताया कि अस्पताल में एनेस्थीसिया डॉक्टर न होने के कारण सुदूर इलाकों से आने वाले मरीजों का समय पर ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है। हड्डी की सर्जरी हो, सामान्य सर्जरी हो या फिर प्रसूति से जुड़े मामले, सभी में एनेस्थीसिया डॉक्टर की अनिवार्य



भूमिका होती है। आपातकालीन दुर्घटनाओं के मामलों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि बिना एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के तत्काल ऑपरेशन संभव नहीं है। पत्र में एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि अस्पताल में ऑपरेशन मरीजों की संख्या के आधार पर नहीं, बल्कि एनेस्थीसिया डॉक्टर के उपलब्ध समय के अनुसार निर्धारित किए जाते हैं। ऑपरेशन के लिए 2-3 मरीजों के जमा होने का इंतजार किया जाता है और फिर जब बाहरी एनेस्थीसिया डॉक्टर समय देते हैं, उसी के अनुरूप ऑपरेशन की तारीख तय की जाती है। इस प्रक्रिया में मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति को गौण कर दिया जाता है। दिलीप मिश्रा ने अपने निवेदन में उपायुक्त खूंटी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी और सिविल सर्जन से अपील की है कि मरीजों के स्वास्थ्य और हित को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल में एक एनेस्थीसिया डॉक्टर का पदस्थापन यथाशीघ्र कराया जाए। इसके लिए वह और स्थानीय जनता उनका आभारी रहेगी। इस मामले ने स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की चिंताजनक स्थिति को एक बार फिर से रेखांकित कर दिया है। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई इस आवाज के बाद अब प्रशासनिक कार्रवाई की प्रतीक्षा है।



## महिला का शव एक कुएं से बरामद

**खूंटी :** जिला में 7 अक्टूबर को आंगराबाड़ी गांव में एक 30 वर्षीय महिला का शव एक कुएं से मंगलवार सुबह बरामद किया गया है। मृतका की पहचान रानी देवी के रूप में हुई है। सुबह लगभग 7 बजे जब स्थानीय लोगों ने कुएं में तैरता हुआ शव देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी मृतका के परिवार वालों से ली।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, रानी देवी मूल रूप से डोडमा स्थित अपने मायके में पति प्रेमचंद मांझी के साथ रहती थीं, लेकिन कुछ दिनों से वह आंगराबाड़ी में अकेले रहकर जीवनयापन कर रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कर भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की।

पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेजने की तैयारी कर रही है। मामले की जांच जारी है।

# डोमचांच में अभिमन्यु कुमार और जयनगर में उमानाथ सिंह को सौंपी गई जिम्मेदारी



### थाने में सिपाही की आत्महत्या पर बड़ी कार्रवाई चार पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, दो थाना प्रभारी बदले

### मंसूर आलम केस पर उबाल: पुलिस एसोसिएशन का चेतावनी भरा ऐलान कहा कार्रवाई नहीं हुई तो सीएम डीजीपी से मुलाकात कर सड़कों पर उतरेंगे जवान

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड पुलिस के निलंबित जवान चालक मंसूर आलम आत्महत्या प्रकरण ने पूरे जिले की पुलिस व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार पुलिसकर्मियों पर गाज गिरा दी है। डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव और जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है। वहीं, नए थाना प्रभारी के रूप में डोमचांच में अभिमन्यु कुमार और जयनगर में उमानाथ सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मालूम हो कि चंदवारा पुलिस लाइन में निलंबित सिपाही मंसूर आलम ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली थी। मरने से पहले उसने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें उसने विभागीय उत्पीड़न, गलत आरोपों में निलंबन और वेतन रोकने का आरोप डोमचांच व जयनगर थाना के अधिकारियों पर लगाया था। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। मृतक की पत्नी जैनव बीबी ने चंदवारा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए चार पुलिसकर्मियों डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव, जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह, एएसआई अरविंद हांसदा और सपही पिकेट प्रभारी रमेश मरांडी पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया। एफआईआर दर्ज होते ही विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया तेज हो गई। जांच के प्रारंभिक निष्कर्षों के आधार पर एसपी ने तत्काल दोनों थाना प्रभारियों को पद से हटा दिया। नए थाना प्रभारी डोमचांच अभिमन्यु कुमार एवं जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने मंगलवार को थाना कार्यभार संभालते हुए संयुक्त रूप से कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून - व्यवस्था उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध खनन, शराब और आपराधिक गतिविधियों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी। इस बीच, झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने भी विभागीय कार्रवाई को औपचारिक बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रहमान खान ने कहा कि अगर दोषियों पर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर राज्यव्यापी आंदोलन पर विचार किया जाएगा। मंसूर आलम की आत्महत्या ने न केवल पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि वर्दी के भीतर के दबाव और तंत्रगत खामियों को भी उजागर कर दिया है। अब देखना होगा कि विभागीय जांच के बाद दोषियों को सजा मिलती है या मामला एक और औपचारिक कार्रवाई बनकर रह जाता है।

## बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अदाविकृत जमा राशियों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अभियान का शुभारंभ



**चतरा :** ।ग्राहकों की सुविधा एवं बैंकिंग व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अदाविकृत जमा राशियों के त्वरित निपटान हेतु एक विशेष अभियान की शुरूआत की गई है ।इस अभियान का शुभारंभ उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी द्वारा मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित समारोह के दौरान किया गया। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, चतरा, विकास भवन शाखा प्रबंधक सहित बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

यह विशेष अभियान 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक जिले की सभी शाखाओं में चलाया जाएगा। इस अवधि में बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को उनके निष्क्रिय अथवा अदाविकृत खातों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा आवश्यक सत्यापन के उपरांत संबंधित जमा राशियों का शीघ्र निपटान किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने बैंक ऑफ इंडिया की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान जनहित में एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल ग्राहकों को अपनी पुरानी जमा राशियाँ प्राप्त करने में सुविधा होगी, बल्कि बैंकिंग तंत्र में पारदर्शिता और विश्वास भी मजबूत होगा।वहीं, अग्रणी जिला प्रबंधक, चतरा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत बैंक अपने सभी ग्राहकों से संपर्क कर उनके अदाविकृत खातों की स्थिति की जानकारी साझा करेगा, ताकि कोई भी राशि लंबित न रहे। उन्होंने आमजनों से अपील किया कि वे अपने पुराने खातों या जमा राशियों की जानकारी के लिए निकटतम शाखा से संपर्क करें।कार्यक्रम के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक ने उपायुक्त सहित सभी उपस्थित अधिकारियों एवं बैंक कर्मियों का आभार व्यक्त किया और इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

# उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी राँची, श्रीमती उर्वशी पाण्डेय, डॉ. बिमलेश कुमार, एवं अन्य संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सा सुविधाओं, और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करना था।

**अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण :** उपायुक्त ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और वहाँ की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कई मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्था और उपचार की गुणवत्ता पर संतुष्टि व्यक्त की। उपायुक्त ने मरीजों से दवाइयों की उपलब्धता और उपचार प्रक्रिया के संबंध में भी




विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

**अस्पताल की सिटी स्कैन मशीन यूनिट का निरीक्षण :** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल की सिटी स्कैन मशीन यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से सिटी स्कैन सुविधा और आयुष्मान भारत योजना के तहत मिल रहे लाभ के बारे में पूछताछ की। मरीजों ने बताया कि उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क और सुगम उपचार प्राप्त हो रहा है, जिससे उनकी संतुष्टि झलक रही थी। उपायुक्त ने इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन की सराहना की और इसे और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

**कैंटीन में बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का जायजा :** उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में संचालित कैंटीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कैंटीन में बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का जायजा लिया। कैंटीन संचालक एजेंसी को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कैंटीन की सेवाओं में और सुधार लाने पर जोर दिया।

**वार्ड की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए :** बच्चा वार्ड के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता, और चिकित्सकों की उपस्थिति का आकलन किया। उन्होंने सिविल सर्जन, डॉ. प्रभात कुमार को वार्ड की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने चिकित्सकों और कर्मचारियों को मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने की सलाह दी।

**मरीजों को समय पर उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश :** निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने सिविल सर्जन और अस्पताल प्रशासन को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, और मरीजों को समय पर उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही, उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रक्रियाओं को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल जिले का एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र है, और यहाँ की सेवाएँ मरीजों के लिए सुगम और गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि मरीजों की सुविधा और संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यह औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## डीसी ने नामकुम अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**रांची :** मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को नामकुम अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला जन संपर्क पदाधिकारी, उर्वशी पांडेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी नामकुम, विजय कुमार, अंचल अधिकारी नामकुम कमल किशोर सिंह उपस्थित थे।

कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की जांच

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की जांच की और सभी कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और उनके समाधान के लिए त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाए जाएँ। उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उपायुक्त ने कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुँचने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की चेतावनी दी। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा, ह्लयदि कोई कर्मचारी भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाता है और जाँच में इसकी पुष्टि होती है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।ह्व

**आम नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना :** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अंचल कार्यालय में उपस्थित आम नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना हैं

उपायुक्त ने इस अवसर पर यह भी अपील की कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों का निपटारा समयबद्ध तरीके से हो। इस निरीक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना हैं।

## थैलेसीमिया पीड़ितों पर राज्य सरकार व संसद में बात रखूंगी : डॉ महुआ माजी

**रांची :** थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया को झारखंड से भगाओ अभियान के तहत दूसरे दिन झारखंड राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत आज ह्ललहू बोलेगाह्व रक्तदान संगठन एवं शोनित फाउंडेशन के सौजन्य से अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली के द्वारा थैलेसीमिया/सिकल सेल एनीमिया का बोन मैरो ट्रांसप्लांट हेतु झारखंड राज्यस्तरीय निःशुल्क मैचिंग टेस्ट कैम्प/एचएलए स्क्रीनिंग टेस्ट/शिबलिंग टैस्टिंग/मार्गदर्शन/परामर्श कैम्प रांची प्रेस क्लब में सुबह से शाम तक में 12 वर्ष के अंदर पीड़ितों का 39 थैलेसीमिया पीड़ितों सहित कुल 100 पीड़ितों के परिजनों के डोनर का एचएलए स्क्रीनिंग टेस्ट निःशुल्क हुआ। जिसकी रिपोर्ट तीन महीनें के अंदर आएगी,उसके बाद शत प्रतिशत मैच करने पर सरकारी/सीसीएल/एनजीओ/परोपकारी लोगों के सहयोग से निःशुल्क बोन मैरो



ट्रांसप्लांट/ब्लड ट्रांस्फ्यूशन होगा।

जिसमें नई दिल्ली से आए अपोलो नई दिल्ली के निदेशक,बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग/सीनियर पीडियाट्रिक, ऑनकोलॉजी,हेमेटोलॉजी के देश के मशहूर डॉक्टर डॉ गौरव खारिया के नेतृत्व में अपोलो की टीम आई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ महुआ माजी एवं विशिष्ट अतिथि में डॉ अनुराधा वत्स,क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट/दीपशिखा एवं इंजीनियर राजीव राजू, दिव्यंजनों पर कार्यरत सहित कार्यक्रम में अपोलो दिल्ली के रवि कुमार,एबी, शोनित फाउंडेशन के डेविड,अभिषेक चौधरी, अरशद एवं लहू बोलेगा के नदीम खान,मो बब्बर एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के देवकी देवी,सीमा देवी,सोना सिंह,सोनम, साक्षी,प्रगति शामिल थे।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं झारखंडी अंगवस्त्र देकर थैलेसेमिक पीड़ित बच्चों ने स्वागत किया। सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों के साथ हूँ मैं जल्द आपके मुद्दें पर माननीय मुख्यमंत्री झारखंड श्रीमान हेमंत सोरेन महोदय से आपके साथ चर्चा करूँगी।सांसद में आपकी आवाज उठाऊंगी।

जो संभव होगा अविलंब गंभीर पहल करूंगी।

## केंद्र और बिहार सरकार महिला विरोधी : दीपिका पांडेय सिंह

संवाददाता

**रांची :** ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस की नेता दीपिका पांडेय सिंह ने पटना में मंगलवार को कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार महिला विरोधी हैं। चुनाव से ठीक पहले बिहार की महिलाओं के खाते में दस हजार भेजना वोटों को हासिल करने की राजनीति है। पटना के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा चुनाव से पहले बिहार में आकर



बोली लगाते हैं। यह बोली पिछले चुनाव में पचास हजार करोड़ से शुरू हो कर सवा लाख करोड़ तक गई थी, लेकिन बाद में वही ढाक के तीन पात। बिहार को कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पहले क्यों हाथ पर हाथ धरे बैठी थी, जो उसे ठीक चुनाव से पहले महिलाओं की याद आयी। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन ने पहले से घोषणा कर रखी है कि उनकी सरकार बनने के बाद बिहार में महिलाओं को ढाई हजार महीने यानी 30 हजार रुपये सालाना माई-बहन योजना के तहत दिए जाएंगे। बिहार में जिस जीविका समूह के नाम पर वोट मांगा जा रहा है, उनसे जुड़ी महिलाओं की वास्तविक स्थिति ठीक नहीं है और रोजगार शुरू करने के बाद बहुत सी महिलाएं कर्ज में डूबी हुई हैं।

### श्री श्याम मंदिर में श्री सुंदरकांड का हुआ पाठ

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 174 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। और मनोरथ जो कोई लावे सोई अमित जीवन फल पावे के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया ।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–45 वर्ष, रंग–सॉवला, उँचाई–5 फिट पहनावा–शर्ट एवं पैंट, पहचान–पैर में पुराना घाव का निशान।

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव नामकुम थाना अन्तर्गत घुसमुण्डा जंगल से बरामद किया गया है। जिसके संबंध नामकुम थाना यू0डी0 काण्ड सं0–49/2023, दिनांक–29.11.2023 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0, प्रथम, रॉंची। – 9431706141
थाना प्रभारी नामकुम, रॉंची। – 9431706173

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 363457 Police (25-26)_D

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (जिला शस्त्र शाखा)

-:: सूचना ::-

इस सूचना के माध्यम से रामगढ़ जिला के आम जनता को सूचित किया जाता है कि वर्ष–2025 में दीपावली पर्व दिनांक–20.10.2025 को मनाया जाना है। उक्त अवसर पर खुले मैदान में पटाखा बिक्री हेतु अस्थायी पटाखा अनुज्ञप्ति के इच्छुक व्यक्ति दिनांक–08.10.2025 से दिनांक–14.10.2025 तक विहित प्रपत्र (AE-5) में आवेदन, स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, मो०–500/–रु० अनुज्ञप्ति शुल्क जमा कर चालान की प्रति, पहचान–पत्र, शपथ–पत्र विहित प्रपत्र में तैयार कर पूर्ण आवेदन जिला शस्त्र शाखा, रामगढ़ में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

ह०/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.363445 District(25-26):D


हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशीह्व अभियान

## स्वदेशी के प्रति संकल्पों को दृढ़ता प्रदान करेगा यह मैराथन : संजय सेठ

संवाददाता

**रांची :** हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशीह्व अभियान के तहत विकसित भारत 2047 मैराथन का आयोजन आगामी 12 अक्टूबर 2024 को रांची में किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वदेशी संकल्प के आह्वान पर आयोजित यह मैराथन रांची का एक ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा है, जिसमें लगभग 25,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।

यह मैराथन झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसमें केवल खिलाड़ी ही नहीं बल्कि समाज के सभी वर्ग– विद्यार्थी, स्वयंसेवक, महिलाएं, माताएं, बहनें, सामाजिक संगठन और आम नागरिक–अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

आज माननीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद श्री संजय सेठ ने अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि–

यह केवल दौड़ नहीं, बल्कि स्वदेशी के प्रति हमारे संकल्प को



और दृढ़ बनाने वाला ऐतिहासिक अभियान है। मैं रांचीवासियों से आह्वान करता हूं कि वे स्वदेशी के इस संकल्प को सशक्त करने के लिए मैराथन में अवश्य भाग लें।

मैराथन मार्गः मोरहाबादी मैदान से प्रारंभ होकर यह दौड़ एसएसपी आवास, कांके रोड, प्रेमसंस मोटर्स, श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय होते हुए पुनः मोरहाबादी मैदान पर संपन्न होगी।

मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठन जैसे मारवाड़ी युवा मंच, माहेश्वरी सभा आदि पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का अभिनंदन करेंगे। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, प्रमाणपत्र एवं अल्पाहार भी प्रदान किया जाएगा।

इस आयोजन का उद्देश्य माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व और ह्लस्वदेशी अपनाओह्व अभियान को जन-जन तक पहुँचाना है। रांची के सभी वर्गों में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है, और अब तक हजारों प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

इस अवसर पर उपस्थित झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक ने कहा की –

झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन राज्य में खेलों के विकास के प्रति समर्पित है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को एक नया मंच और प्रेरणा मिलेगी।

भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री वरुण साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि–

यह मैराथन स्वदेशी की भावना को जन-जन में प्रज्वलित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

इस अवसर पर झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्री शिवेंद्र दुबे एवं श्री उदय साहू भी उपस्थित थे।


### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा

भर्ती कैम्प संबंधी सूचना (भर्ती कैम्प की तिथि–10.10.2025)

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा के द्वारा दिनांक–10.10.2025 को जिला नियोजन कार्यालय परिसर, सिमडेगा में पूर्वाह्न 11.00 बजे से 03.00 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है, जिसमें निम्न निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जिनकी रिक्तियाँ निम्नलिखित है :–

| Sl. No. | Employer's Name | Name of the post | No. of Vacancies | Qualification | Salary | Gender | Age | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Goyam Auto Pvt. Ltd. | HR | 200 | 10th ,12th ITI, Graduation, Diploma, BE | 15000 | Male/ Female | 18-31 | Aurangabad |
| 2. | Jagdamba Enterprises | Computer Operator | 1 | Graduation | As per experience /skill | Female | Minimum 18 | Simdega |
| | | Salesmen | 2 | 12th | | Male | | |

नोट :–भर्ती कैम्प में भाग लेने के योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट- https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं उसकी छाया प्रति तथा बायोडाटा दो कॉपी दो पासपोर्ट साईज फॉटो के साथ एवं आधार कार्ड, स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित होंगे। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य किया जा रहा हैं। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

ह०/–
जिला नियोजन पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 363492 (Simdega)25-26*D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## रूस-भारत संबंधों पर कांग्रेसी सियासत झूठे आरोपों से राष्ट्रहित को नुकसान

भारत और रूस के बीच संबंधों की मजबूती और स्थायित्व किसी एक दौर या राजनीतिक शासन की देन नहीं है, यह दशकों की रणनीतिक समझ, परस्पर भरोसे और साझा हितों का परिणाम है। दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, तकनीक और वैश्विक राजनीति के क्षेत्रों में सहयोग का इतिहास गहरा है। यही कारण है कि जब कुछ दिन पहले यह खबर फैली कि रूस पाकिस्तान को जेएफ-17 थंडर ब्लॉक-क्कक्क लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-93एमए इंजन सप्लाई कर रहा है, तो देश की विपक्षी कांग्रेस ने इसे लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोल दिया। जल्द ही रूस ने स्वयं इन खबरों का खंडन कर दिया और साफ कहा कि भारत को नुकसान पहुंचाने वाला कोई समझौता नहीं किया जा रहा है। इससे एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस बिना तथ्यों की जांच के, केवल राजनीतिक लाभ के लिए राष्ट्रहित से जुड़ी बातों पर भी भ्रम फैलाने से नहीं चूकती। रूसी कूटनीति विशेषज्ञों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पाकिस्तान को आरडी-93एमए इंजन सप्लाई करने की खबरें सही नहीं हैं। रूस और पाकिस्तान के संबंध इतने गहरे नहीं हैं कि भारत को असहजता महसूस हो। यह भी इशारा किया कि कुछ ताकतें भारत और रूस के सहयोग को नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर रही हैं, खासकर उन उच्च स्तरीय बैठकों से ठीक पहले, जिनमें दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण रक्षा और ऊर्जा समझौतों पर चर्चा होने वाली है। यह बयान उस समय आया है जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर में भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। इस दौरे से पहले फैलाई गई यह अफवाह दरअसल भारत की कूटनीति को कमजोर दिखाने का प्रयास था। रूस का यह बयान इस बात का प्रमाण है कि भारत और रूस के बीच रणनीतिक भरोसा अब भी उतना ही मजबूत है जितना कि सोवियत काल में था। भारत ने हमेशा रूस के साथ अपने संबंधों को किसी तीसरे देश के दृष्टिकोण से नहीं देखा है, और रूस ने भी यही नीति अपनाई है। यही वजह है कि रूस का यह खंडन उन राजनीतिक शक्तियों के लिए करारा जवाब है जो विदेश नीति जैसे गंभीर विषयों को भी सस्ती राजनीति का मैदान बना रही हैं। रूस द्वारा इस कथित डील को खारिज करने से पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीति को ह्लअसफलह्व बताया था। उन्होंने यह प्रश्न उठाया कि आखिर भारत का ह्लसबसे भरोसेमंद मित्रह्व अब पाकिस्तान के पक्ष में क्यों खड़ा हो रहा है? कांग्रेस पार्टी ने अपने बयान में कहा कि मोदी की विदेश नीति ह्लछवि निर्माणह्व और ह्लवैश्विक दिखावेह्व पर केंद्रित है, लेकिन सवाल यह है कि यदि यही कूटनीति इतनी कमजोर होती, तो क्या रूस जैसा रणनीतिक साझेदार भारत के साथ दशकों पुराने भरोसे को कायम रखता? कांग्रेस की समस्या यह है कि वह विदेश नीति को भी घरेलू राजनीति के चश्मे से देखती है। जिस समय देश को एकजुट रहकर अमेरिका के टैरिफ और पश्चिमी दबाव का सामना करना चाहिए, उस समय कांग्रेस झूठी खबरों को मुद्दा बनाकर देश की कूटनीति को कमजोर करने में लगी रहती है। इससे विदेशी मीडिया और प्रतिद्वंद्वी देश भी यही संदेश लेते हैं कि भारत का विपक्ष स्वयं अपनी सरकार की नीतियों पर भरोसा नहीं करता।दरअसल, कांग्रेस का यह रवैया कोई नई बात नहीं है। बीते कुछ वर्षों में पार्टी ने कई ऐसे अवसरों पर केंद्र सरकार की विदेश नीति को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश की है। चाहे वह राफेल डील का मामला हो, बांग्लादेश की नीति पर टिप्पणी हो, या अब रूस के साथ संबंधों को लेकर उठाया गया ये विवाद, हर बार कांग्रेस ने बिना ठोस तथ्य के सवाल उठाए हैं।यह प्रश्न अब उठना स्वाभाविक है कि आखिर कांग्रेस बार-बार ऐसे झूठे नैरेटिव क्यों गढ़ती है, जिनसे देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुँच सकता है? क्या विपक्ष का दायित्व केवल सरकार को नीचा दिखाना है या फिर वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा में भी अपनी भूमिका निभाने को तैयार है?पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच व्यक्तिगत संबंधों की मजबूती आज किसी से छिपी नहीं है। हाल ही में रूस में आयोजित वाल्दाई सम्मेलन में पुतिन ने कहा था, ह्लमुझे प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत में हमेशा विश्वास और सहजता महसूस होती है। भारत कभी किसी के दबाव में झुकेगा नहीं।ह्व यह बयान किसी औपचारिक कूटनीतिक वक्तव्य से अधिक, उस निजी भरोसे का प्रतीक है जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच दशकों में विकसित हुआ है।रूस और भारत के बीच रक्षा सहयोग आज भी अभूतपूर्व स्तर पर है। ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना, सुखोई-30 विमानों का संयुक्त निर्माण, एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, और हाल ही में ऊर्जा क्षेत्र में संयुक्त निवेश, ये सभी भारत-रूस संबंधों की गहराई को दशार्ते हैं। ऐसे में कांग्रेस द्वारा अचानक ह्लरूस अब पाकिस्तान के पक्ष में हैह्व जैसा आरोप लगाना न केवल राजनीतिक रूप से अपरिपक्वता है, बल्कि यह भारत की रणनीतिक विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। इस पूरे विवाद के बीच एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने पर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। पहले से ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ का बोझ है, और अब यह और बढ़ा है। लेकिन भारत ने अमेरिकी दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया। पुतिन ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ह्लभारत को अमेरिका के पेनल्टी टैरिफ से जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई रूस से तेल आयात के जरिए हो जाएगी।ह्व यह वक्तव्य इस बात का संकेत है कि रूस भारत के आर्थिक हितों के साथ खड़ा है। जब पश्चिमी देश रूस पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, तब भारत ने संतुलन बनाए रखा है, न तो रूस से दूरी बनाई, न ही पश्चिम से टकराव लिया। यह वही ह्लरणनीतिक स्वायत्तताह्व है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि माना जाता है। रूस की भूमिका और पाकिस्तान के साथ सीमित संबंधरूस और पाकिस्तान के संबंध बीते कुछ वर्षों में कुछ हद तक बढ़े जरूर हैं, लेकिन यह भारत की सुरक्षा के लिए खतरा नहीं बने हैं। पाकिस्तान के साथ रूस की सैन्य सहभागिता अब भी सीमित और सतही है। रूस की प्राथमिकता भारत ही है, क्योंकि भारत न केवल उसका सबसे बड़ा हथियार खरीदार है, बल्कि वैश्विक दक्षिण में रूस के हितों की रक्षा करने वाला प्रमुख साझेदार भी है। रूस कभी भी ऐसी स्थिति नहीं बनाना चाहेगा जिससे भारत के साथ उसके दीर्घकालिक संबंधों पर नकारात्मक असर पड़े। भारत-रूस संबंधों की ऐतिहासिक गहराईवर्ष 1950 और 60 के दशक से लेकर आज तक रूस (पूर्व सोवियत संघ) भारत का सबसे भरोसेमंद रक्षा साझेदार रहा है। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में रूस ने भारत को जिस तरह से कूटनीतिक और सैन्य समर्थन दिया था, उसने दोनों देशों के रिश्ते को नई ऊंचाई दी। आज भारत के 60 प्रतिशत से अधिक रक्षा उपकरण रूसी तकनीक पर आधारित हैं। रूस ने भारत के परमाणु कार्यक्रम, अंतरिक्ष अभियान और ऊर्जा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। कुडनकुलम परमाणु संयंत्र इसका उदाहरण है। इस दीर्घकालिक संबंध की गहराई को देखते हुए, किसी ह्लएक इंजन डीलह्व से भारत-रूस संबंधों पर असर पड़ने की बात करना एक बचकाना तर्क है। कांग्रेस को आत्ममंथन की आवश्यकतायह समय कांग्रेस के लिए आत्मचिंतन का है। जब रूस ने स्वयं स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान को इंजन सप्लाई की कोई योजना नहीं है, तो कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए, परंतु उसने अब तक ऐसा नहीं किया। इससे यह संकेत मिलता है कि पार्टी की प्राथमिकता राष्ट्रहित नहीं, बल्कि राजनीतिक अवसरवाद है। वस्?तुतः कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि भारत और रूस के संबंध केवल रणनीतिक साझेदारी नहीं हैं, बल्कि यह विश्वास और समान दृष्टिकोण पर आधारित एक दीर्घकालिक मित्रता है। यह संबंध किसी एक सरकार के आने या जाने से प्रभावित नहीं होते। आज रूस ने पाकिस्तान के साथ किसी भी सौदे की खबर को खारिज कर दिया है, तो यह मोदी सरकार की कूटनीति की विश्वसनीयता का प्रमाण है। कांग्रेस यह जान ले कि विदेश नीति को घरेलू राजनीति का उपकरण बनाने की प्रवृत्ति अंततः देश की छवि को नुकसान पहुँचाती है। भारत आज जिस वैश्विक स्थिति में है, वह अपनी दृढ़ नीतियों और स्वतंत्र कूटनीति के कारण है।

# भारतीय वायुसेना: साहस, समर्पण और शक्ति का संगम

**भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं।**

**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 93वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर वायुसेना अपनी शक्ति, शौर्य और तकनीकी उत्कृष्टता का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस मौके पर आयोजित भव्य एयर शो भारतीय वायुसेना की क्षमताओं और सामर्थ्य का प्रतीक बन जाता है। आसमान में वायुवीरों के करतब, फाइटर जेट्स और हेलीकॉप्टर्स के समकालिक युद्धाभ्यास को देखकर हर दर्शक रोमांच और गर्व से भर उठता है। वायुसेना के बेड़े में शामिल राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स भारतीय आकाश को सुरक्षित रखने की अभेद्य शक्ति प्रदान करते हैं। वहीं, सारंग जैसे हेलीकॉप्टरों के शो स्टंट्स, प्रचंड और ध्रुव जैसे लाइट और एडवांस्ड हेलीकॉप्टर्स, सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक और जगुआर जैसी भारी मशीनें वायुसेना की बहुपक्षीय क्षमताओं का प्रदर्शन करती हैं। इन एयरक्राफ्ट की उच्च तकनीकी क्षमताएं न केवल देश की सुरक्षा की गारंटी हैं बल्कि इसे वैश्विक मंच पर सम्मान और प्रतिष्ठा भी दिलाती हैं।

भारतीय वायुसेना दिवस का मुख्य उद्देश्य केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं है बल्कि युवाओं को इस गौरवशाली सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना भी है। एयर शो के माध्यम से युवा पीढ़ी वायुसेना की चुनौतीपूर्ण, साहसिक और सम्मानजनक भूमिका के बारे में जानती है और उनके मन में देश सेवा के प्रति उत्साह जागृत होता है। आज भारतीय वायुसेना न केवल सीमा रक्षा में सक्षम है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता देने में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। यह स्थापना दिवस भारतीय वायुसेना की समर्पित सेवा, साहस और तकनीकी दक्षता का उत्सव है, जो हमें यह याद दिलाता है कि भारत के आकाश में स्वतंत्रता, सुरक्षा और गौरव का सूर्य सदैव चमकता रहेगा।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले दोगुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थरार्ते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थरार्ते हैं। भारतीय वायुसेना की जाबांजी के अनेक किस्से दुनियाभर में विख्यात हैं। हमारी वायुसेना चीन के साथ एक तथा पाकिस्तान के साथ चार युद्धों में अपना पराक्रम दिखा चुकी है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था- ह्यरॉयल इंडियन एयरफोर्स।ह्ल 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। ह्यरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्ल की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वायुसेना को अलग पहचान मिली और साल 1950 में ह्यरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्ल का नाम बदलकर ह्यइंडियन एयरफोर्सह्ल कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी ह्यवेस्टलैंडह्ल द्वारा निर्मित ह्यवापिती-2एह्ल था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जहरीली दवा बनी अभिशाप

**मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी।**

**प्रमोद भार्गव**

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी। किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी। मृतक बाल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ प्रवीण सोनी के खिलाफ मामला दर्ज करके, फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। लेकिन देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सीरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला अभी भी लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सीरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सितंबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रैनबैक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। रैनबैक्सी की देवास (मध्य प्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी। अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रैनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं। जबकि भारत की रैनबैक्सी ऐसी दवा कंपनी है जो अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। रैनबैक्सी एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश व दुनिया में बेचती है। ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं। दरअसल, इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए मंहगी और गैर जरुरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने के नजरिये से कुछ समय पहले केन्द्र सरकार ने दवा कंपनियों से ही एक आचार संहिता लागू कर उसे कड़ाई से अमल में लाने की अपील की थी। लेकिन संहिता का जो स्वरूप सामने लाया गया, वह राहत देने वाला नहीं था। संहिता में चिकित्सकों को उपहार व रिश्वत देकर न तो अनैतिक कारगुजारियों को लेकर कोई साफगोई है और न ही संहिता की प्रस्तावित शर्तें व कानून बाध्यकारी हैं। इन प्रस्तावों को लेकर दवा संघों में भी मतभेद हैं। विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं। लेकिन हमारे देश में मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आगमन से जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, निगरानी तंत्र भी इसकी चपेट में है। नतीजतन देखते-देखते भारत के दवा बाजार में बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों की 70 प्रतिशत से भी ज्यादा की भागीदारी हो गई। इनमें से 25 फीसदी दवा कंपनियां ऐसी हैं जिन पर व्यवसायजन्य अनैतिकता अपनाने के कारण अमेरिका भारी आर्थिक दण्ड दे चुका है।

ऐसे हालात में चिकित्सक अनैतिकता और दवा कंपनियां केवल लाभ का दृष्टिकोण अपनाएंगी तो आर्थिक रूप से कमजोर तबका तो स्वास्थ्य चिकित्सा से बाहर होगा ही, जो मरीज दवा ले रहे हैं उनके मर्ज की दवा सटीक दी जा रही हैं अथवा नहीं इसकी गारंटी भी नहीं रह जाएगी? इस कारण सरकार ने 2009 के आरंभ में दवा कंपनियों के संघ से स्वयं एक आचार संहिता बनाकर अपनाने को कहा था। साथ ही सरकार ने यह हिदायत भी दी थी कि यदि कंपनियां इस अवैध गोरखधंधे पर अंकुश नहीं लगातीं तो सरकार को इस बाबत कड़ा कानून लाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। लेकिन सरकारी चेतावनी की परवाह किए बिना दवा कंपनियों का संघ जो नई आचार संहिता सामने लाया, उसमें उपहार के रूप में लाभ देने का केवल तरीका बदला गया। मसलन तोहफों का सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा। संहिता में केवल दवा निमार्ताओं से उम्मीद जताई गई है कि वे चिकित्सकों को टीवी, फ्रिज, एसी, लैपटॉप, सीडी, डीवीडी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व नकद राशि नहीं देंगे। लेकिन वैज्ञानिक सम्मेलन, कार्यशालाओं और परिचर्चाओं के बहाने उपहार देने का सिलसिला और चिकित्सकों की विदेश यात्राएं जारी रहेंगी। जाहिर है आचार संहिता के बहाने चिकित्सक और उनके परिजनों को विदेश यात्रा की सुविधा को परंपरा बनाने का फरेब संहिता में जानबूझकर डाला गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि भारत में बनने वाली दवाएं करीब 35 प्रतिशत नकली होती हैं। एसोचेम के मुताबिक देश में 25 प्रतिशत की दर से हर साल इस कारोबार में इजाफा हो रहा है। बहरहाल, भारत सरकार को दवाओं पर निगरानी के लिए मजबूत तंत्र खड़ा करने की जरूरत है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आज भी मनुष्यता का दीपक जलाती है वाल्मीकि की वाणी

अश्विन मास की पूर्णिमा के दिन ह्यरामायणह्ल के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के अनुपम संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिवर्ष महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष वाल्मीकि जयंती 7 अक्तूबर को मनाई जा रही है। मान्यता है कि महर्षि वाल्मीकि के सम्मान में उनकी जयंती रामायण काल से ही मनाई जा रही है। इस अवसर पर देशभर में कई प्रकार के सामाजिक तथा धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। सनातन धर्म के प्रमुख ऋषियों में से एक महर्षि वाल्मीकि द्वारा संस्कृत भाषा में लिखी गई रामायण को सबसे प्राचीन माना जाता है और संस्कृत के प्रथम महाकाव्य ह्यरामायणह्ल की रचना करने के कारण ही उन्हें ह्यआदिकविह्ल के नाम से भी जाना जाता है। वाल्मीकि द्वारा लिखी गई मोक्षदायिनी रामायण आज भी समूचे विश्व में वेद तुल्य विख्यात है, जो 21 भाषाओं में उपलब्ध है और सनातन धर्म मानने वालों के लिए पूजनीय है। रामायण ने देश को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधने का बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया। राष्ट्र की अमूल्य निधि रामायण का एक-एक अक्षर अमरता का सूचक और महापाप का नाशक माना गया है। वाल्मीकि का रामायण महाकाव्य ज्ञान-विज्ञान, भाषा ज्ञान, ललित कला, ज्योतिष शास्त्र, आयुर्वेद, इतिहास और राजनीति का केन्द्रबिन्दु माना जाता है। यह महाकाव्य श्रीराम के जीवन के माध्यम से जीवन के सत्य और कर्तव्य से परिचित कराता है। रामायण में जिस प्रकार महर्षि वाल्मीकि ने कई स्थानों पर सूर्य, चंद्रमा तथा नक्षत्रों की सटीक गणना की है, उससे स्पष्ट है कि वे ऐसे परम ज्ञानी थे, जिन्हें ज्योतिष विद्या तथा खगोल शास्त्र का भी बहुत गहन ज्ञान था। रामायण को वैदिक जगत का सर्वप्रथम काव्य माना जाता है, जिसमें कुल चौबीस हजार श्लोक है। माना जाता है कि महर्षि वाल्मीकि ने ही इस दुनिया में पहले श्लोक की रचना की थी, जो संस्कृत भाषा का जन्मदाता है। विभिन्न पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि महर्षि वाल्मीकि बनने से पहले उनका नाम रत्नाकर था, जो अपने परिवार का पेट पालने के लिए लोगों को लूटा करते थे। निर्जन वन में एक बार उनकी भेंट नारद मुनि से हुई तो नारद को बंदी बनाकर रत्नाकर ने उन्हें भी लूटने का प्रयास किया। तब नारद जी ने पूछा कि तुम ऐसा निंदनीय कार्य आखिर करते क्यों हो? रत्नाकर ने उत्तर दिया, अपने परिवार का पेट भरने के लिए। तब नारद मुनि जी ने उनसे पूछा कि जिस परिवार के लिए तुम इतने पाप कर्म करते हो, क्या वह तुम्हारे इस पाप कार्य में भागीदार बनने के लिए तैयार होंगे? इसका उत्तर जानने के लिए रत्नाकर नारद मुनि को पेड़ से बांधकर घर पहुंचे और एक-एक कर परिवार के सभी सदस्यों से पूछा कि मैं डाकू बनकर लोगों को लूटने का जो पाप करता हूं, क्या तुम उस पाप में मेरे साथ हो? परिवार के सभी सदस्यों ने कहा कि आप इस परिवार के पालक हैं, इसलिए परिवार का पेट भरना तो आपका कर्तव्य है, इस पाप में हमारा कोई हिस्सा नही है। सभी का एक ही उत्तर सुनकर रत्नाकर बहुत उदास हुए और नारद मुनि के पास पहुंचकर उनके पैरों में गिर पड़े। तब नारद मुनि ने रत्नाकर को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का ज्ञान दिया। रत्नाकर ने उनसे अपने पापों का प्रायश्चित करने का उपाय पूछा तो नारद मुनि ने उन्हें ह्यरामह्ल नाम जपने की सलाह दी लेकिन रत्नाकर ने कहा कि मुनिवर! मैंने जीवन में इतने पाप किए हैं कि मेरे मुख से राम नाम का जाप नहीं हो पा रहा है। नारद मुनि ने उन्हें ह्यमरा-मराह्ल का जाप करने को कहा और इस प्रकार ह्यमरा-मराह्ल का जाप करते-करते रत्नाकर के मुख से अपने आप ह्यरामह्ल नाम का जाप होने लगा। राम नाम में वह इस कदर लीन हो गए कि एक तपस्वी के रूप में ध्यानमग्न होकर वर्षों तक घोर तपस्या करने के कारण उनके शरीर पर चीटियों की बांबी लग गई। ऐसी कठोर तपस्या के बाद उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बन गए। पौराणिक आख्यानों में यह उल्लेख भी मिलता है कि जब भगवान श्रीराम ने माता सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही वनदेवी के नाम से निवास किया था और वहीं लव-कुश को जन्म दिया था, जिन्हें महर्षि वाल्मिकी द्वारा ज्ञान दिया गया। पहली बार सम्पूर्ण रामकथा लव-कुश ने ही भगवान श्रीराम को सुनाई थी। यही कारण है कि वाल्मिकी कृत रामायण में लव-कुश के जन्म के बाद का वृतांत भी मिलता है। बहरहाल, महर्षि वाल्मीकि के जीवन से यह सीख मिलती है कि जीवन की नई शुरूआत करने के लिए किसी खास समय या अवसर की आवश्यकता नहीं होती बल्कि इसके लिए आवश्यकता होती है ।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# दुबारा साहिबगंज कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

संवाददाता



**साहिबगंज:** ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी ने संगठनात्मक फेर बदल के तहत जिले भर से सभी कार्यकताओं नेताओं एवं आमजनों के राय मशवरा के बाद साहिबगंज जिला की कमान एक बार फिर से बरकतुल्लाह खान को सौंपा है। बरकतुल्लाह खान को दुबारा साहिबगंज कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं में खुशी की लहर देखी गई। जिलाभर में उनका बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जा रहा है ।आज उसी कड़ी में साहेबगंज नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष के स्वागत में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिलाभर से आए कांग्रेसजनों ने बरकतुल्लाह खान का भव्य स्वागत किया ।कांग्रेसजनों ने फूलमालाओं एवं शॉल ओढ़ा कर गर्मजोशी के साथ बरकतुल्लाह खान का स्वागत किया। कांग्रेसजनों ने केंद्रीय नेतृत्व के फैसले की एक स्वर में सराहना की। कई नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में कांग्रेस का जनाधार साहेबगंज में बढ़ा है ।केंद्र से भेजे गए पर्यवेक्षकों से मिलकर ज्यादातर कांग्रेसजनों ने बरकतुल्लाह खान के पक्ष में अपनी राय रखी थी और नतीजा हम सभी के सामने है ।हम सभी को उम्मीद है बरकत जी आगे भी ऐसे ही कांग्रेस को आगे ले जाने का काम करते रहेंगे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी, निष्ठा और तन मन से किया। मुझे अपने काम पर भरोसा था। मैंने अपने कार्यकाल में सभी को एकजुट कर सभी से साथ समन्वय बनाते हुए जिलाभर में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का प्रयास किया है ।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सभी प्रकोष्ठों के कार्यकताओं, वरिष्ठ कार्यकताओं एवं युवाओं के साथ मिलकर साहेबगंज में कांग्रेस के संगठन को मजबूत कर झारखण्ड के अग्रणी पायदान पर लाने का सफल प्रयास करेंगे ।मैं केंद्रीय नेतृत्व के साथ साथ प्रदेश के सभी नेताओं और जिलाभर के अपने समर्थकों को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने मुझपर भरोसा करते हुए मेरा सहयोग कर एकबार फिरसे मुझे इतनी अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मैं पूरे विश्वास के साथ आपको बताना चाहता कि मैं आपके भरोसे और उम्मीद पर पूरी तरह खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा ।स्वागत समारोह में पूर्व ज़िला अध्यक्ष अनुकूल मिश्रा,मुर्शाद अली,मो ।कलीमुद्दीन,बासुकीनाथ यादव, सरफराज आलम,इखलाक नदीम,ओम प्रकाश,राम शृंगार ओझा,उमेश पांडे, हीरालाल साह,भोला महतो,नवीद अंजुम,दिलीप गुप्ता,सुनील पासवान,अनन्त लाल भगत,मंगल पासवान,हरिचरण पासवान,शशिधर यादव,रंजीत टुडू,विमल देव भगत,नसीम अख्तर,शारिक रब्बानी,कजाफी मुर्शद,रिजवान आलम,अजमत अली सलाहुद्दीन मो ।अजीज, सद्दाम हुसैन,सबदुल,रियाज,सतीश पासवान, अजीज अंसारी,,सफीकुल,अब्दुल कादिर सुनील गुप्ता,शिवम ताती,रविउल इस्लाम, अब्दुल जब्बार,फिरोज आलम,मोहम्मद शफातुल्लाह,शकील अहमद,परमित तिवारी,दाऊद शेख, शमशेर आलम,अनारूल खान,गणेश मण्डल, राम प्रवेश राय,सूफी,दीपक कुमार राय, सागर मण्डल, लोकनाथ घोष,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाइक गैराज में लगी आग,9 बाइक सहित बाइक पार्ट्स जलकर हुआ खाक, लाखों का हुआ नुकसान

संवाददाता



**साहिबगंज/बोरियो :** बोरियो संथाली मोड़ के समीप भाई-भाई मोटर साईकिल गैराज में बीते सोमवार की देर रात करीब 8:30 बजे आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान। बाइक गैराज के मालिक बियासी निवासी टुनटुन कुमार राय ने बताया कि देर शाम को गैराज बंद कर अपने घर बयासी गया था ।इसके एक घंटा बाद गैराज में आग लगने की सूचना उन्हें गैरेज के बगल के लोगों ने रात 8:30 बजे मोबाईल से दी ।इसके आनन फानन में अपने गैराज में आकर देखा कि गैराज में भयंकर आग की लपटे उठ रही थी जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया ।देखते ही देखते गैराज में रखे ग्राहकों के 9 बाइक, 6 पेटी मोबिल, मोटर साईकिल के पार्टस,22 टायर,हवा टंकी धूं धूं कर जलकर खाक हो गया जिससे लगभग बारह लाख का नुकसान हुआ है ।वही उन्होंने बताया कि बोरियो में अगर दमकल वाहन होती तो इतनी बड़ी नुकसान नहीं होती ।इधर आग लगने की सूचना पर थाना प्रभारी रोहित कुमार एवं अन्य पुलिस बल पहुंच कर ग्रामीणों को आग बुझाने में सहयोग किया ।ग्रामीणों के सहयोग से एक घंटा तीस मिनट बाद आग पर काबू पाया गया ।इसके पूर्व अग्निशामक कार्यालय को दमकल के लिए सूचना दी गयी ।आग बुझने के बाद दमकल पहुँचा ।आग की लपटे इतनी अधिक थी कि गैरेज के छप्पर एलबेस्टर जल कर खाक हो गया। आग लगने के समय बोरियो संथाली मोड़ में सैकड़ों लोगों का जमावड़ा लग गया,दमकल के लोग आक्रोशित दिखे जिससे आधी रात तक सड़क जाम रही ।सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गयी थी ।लोगों ने बताया कि बोरियो में दमकम वाहन होती तो इतनी नुकसान नहीं होती ।अग्निपीड़ित टुनटुन राय ने बताया कि उसे लगभग 12 लाख का नुकसान हुआ है ।उन्होंने विधायक एवं बीडीओ सीओ को मुआवजा की मांग की है।

## आठ नाबालिग बच्चों की तस्करी से बचाया एक तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता



पूर्व रेलवे, मालदा मंडल के साहिबगंज आरपीएफ पोस्ट की टीम ने मानव तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन ए ।ए ।एच ।टी। के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है ।आरपीएफ टीम ने सुबह लगभग 05:00 बजे साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ नाबालिग बच्चों सात लड़के और एक लड़की को तस्करी से मुक्त कराया और एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया ।नियमित जांच के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने स्टेशन परिसर के पोर्टिको क्षेत्र में कुछ बच्चों को संदिग्ध स्थिति में बैठे देखा। संदेह होने पर जब उनसे पूछताछ की गई तो बच्चों ने बताया कि उन्हें दिल्ली ले जाया जा रहा था, जहां उनसे घरेलू काम करवाने का इरादा था ।इस दौरान आरपीएफ ने एक व्यक्ति की पहचान की जो बच्चों को लेकर जा रहा था ।उसका नाम चम्बरा पहाड़िया आयु 23 वर्ष निवासी जिला पाकुड़, झारखंड बताया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बच्चों को दिल्ली में काम कराने ले जा रहा थे। और इसके बदले में नियोक्ताओं से कमीशन प्राप्त करता था ।आरपीएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और बचाए गए बच्चों एवं आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु जीआरपी ,साहिबगंज के हवाले कर दिया। बच्चों के पुनर्वास एवं देखभाल के लिए आवश्यक प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है ।यह सफल अभियान मालदा मंडल आरपीएफ की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और मानव तस्करी के खिलाफ उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस ऑपरेशन के माध्यम से नाबालिग बच्चों को एक बड़े शोषण के जाल में फँसने से बचाया गया।

## ऑटो और टोटो में टक्कर चार घायल,एक की हालत नाजुक

संवाददाता



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर सिरासिन मुख्य पथ पर सोमवार देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उधवा-राधानगर मुख्य पथ पर स्थित भुदेव मंडल टोला जिओ ऑफिस के पास हुआ, जब एक सीएनजी ऑटो की टोटो ई-रिक्शा से आमने-सामने की टक्कर हो गई ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टोटो में कई यात्री सवार थे और वह इंग्लिश बाजार से उधवा की ओर आ रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहा एक सीएनजी ऑटो अनियंत्रित हो गया और उसने टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टोटो पर सवार कई यात्री सड़क पर गिर गए, जिससे चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से एक बच्ची की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। सभी घायल बच्चे राजमहल थाना क्षेत्र के दाहुटोला पंचायत के रहने वाले हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद, सीएनजी ऑटो का चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही राधानगर थाना से सहायक अवर निरीक्षक सुनील मेहता और सरफुद्दीन खान तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस अधिकारियों ने घायलों की जानकारी ली और सभी घायल बच्चों को तत्काल इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। फिलहाल राधानगर पुलिस फरार सीएनजी ऑटो चालक की तलाश कर रही है। और मामले की गहनता से छानबीन में जुटी हुई है।

## धुलयानी में ग्रामीणों के बीच दवा युक्त मच्छरदानी का हुआ वितरण

संवाददाता

साहिबगंज :आदरणीय डॉ᠎ रामदेव पासवान सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों के आयुष्मान आरोग्य मंदिर रानीबथान के अंतर्गत मलेरिया से प्रभावित अति दुर्गम पहाड़ी गाँव धापानी पहाड़, दावले पहाड़, दुले पहाड़, बिशनपुर एवं धुलयानी में ग्रामीणों के बीच दवा युक्त मच्छरदानी वितरण की शुरूवात की गई! जिसमे सत्ती बाबू डबडा जिला भीबीडी सलाहकार के द्वारा दवा युक्त मच्छरदानी को कैसे प्रयोग करना है इसकी पूरी जानकारी प्रैक्टिकल करके बताया गया। इसके साथ ही उक्त गाँवों में स्वास्थ्य शिविर घर -घर फीवर सर्वे करते हुए सभी बुखार पीड़ित मरीजों का मलेरिया जाँच किया गया दवा दी गईं ।साथ ही सभी तरह के स्वास्थ्य जाँच व स्वास्थ्य सुविधा ग्रामीणों को प्रदान किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में 199 लोगों का स्वास्थ्य जाँच की गई एवं दवा बितरण भी किया गया! सिविल सर्जन महोदय के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अपने घर के आस -पास साफ- सफाई रखने, प्रत्येक दिन मच्छरदानी लगा कर सोने, ताजा और गर्म खाना खाने, पानी को उबाल कर ठंडा कर पीने, किसी को भी बुखार होने पर तुरंत अपने गाँव की सहिया, एमपीडब्ल्यू और एएनएम से संपर्क कर खून की जाँच करवाने, किसी झोलाछाप डॉक्टर या झाड़ -फुक ओझा गुनी जड़ी- बूटी के चकर में ना पड़ने की सलाह दिए!

# पारदर्शिता और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होते हैं : धनंजय

संवाददाता




साहिबगंज :प्रखंड मुख्यालय बोरियो में जनता दरबार- सह -परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोरियो विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री धनन्जय सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ श्री गौतम भगत, अपर समाहर्ता, साहिबगंज भी मंच पर मौजूद थे ।कार्यक्रम की शुरूआत में माननीय विधायक द्वारा आमजनों की समस्याएं सुनी गईं। उपस्थित नागरिकों ने विभिन्न जनसमस्याओं को साझा किया जिस पर माननीय विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जबकि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को परिसंपत्तियों का वितरण किया। जिसमें प्रमुख रूप से अबुआ आवास योजना के अंतर्गत चयनित लाभुकों को आवास संबंधी दस्तावेज सौंपे गए। पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र लाभुकों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। नव चयनित सेविका एवं सहायिका को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मनरेगा के तहत परिसंपत्तियों का वितरण कर लाभार्थियों को सशक्त किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया ,जेएसएलपीएस के तहत आजीविका सखी मंडल को 28 लाख का चेक वितरण किया गया ।कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण विभिन्न योजनाओं और समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता, जनप्रतिनिधि, पंचायत स्तरीय पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे ।इस प्रकार के आयोजन न केवल शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करते हैं, बल्कि पारदर्शिता और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होते हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## किशुनपुर बीआरसी में अनियमितता पर पंचायत प्रतिनिधियों का आक्रोश

**पाटन :** पाटन प्रखंड के किशुनपुर पंचायत में स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में कार्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरायी हुई है। केंद्र का ताला समय पर खुल जाता है, लेकिन कर्मियों की उपस्थिति और कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कर्मी न तो समय पर पहुंचते हैं और न ही निर्धारित समय तक कार्य करते हैं। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों को भी केवल औपचारिकता के तौर पर निभाया जा रहा है, जिससे पंचायत प्रतिनिधियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

**12 कर्मी में केवल चार ही उपस्थित थे**

मंगलवार को दोपहर 12:55 बजे प्रखंड प्रमुख शोभा देवी और किशुनपुर पंचायत की मुखिया सुमन गुप्ता बीआरसी पहुंचे। उस समय केंद्र में मात्र चार कर्मी उपस्थित थे, जबकि कुल 12 कर्मी पदस्थापित हैं। उपस्थित कर्मियों में इमाम हुसैन, अनुज कुमार, जावेद अख्तर और अंजनी नंदन मिश्रा शामिल थे। बताया गया कि एक कर्मी सोनू कुमार तिवारी छात्र नामांकन कार्य के लिए मेदिनीनगर कार्यालय गए थे। शेष कर्मियों की अनुपस्थिति पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी। बिहार चुनाव में विवाद की वजह बने रक्क्रपर अब रउ के पाले में कुछ खास नहीं, आर्टिकल 329 एउ को देता है यह विशेषाधिकार Mughal Harem Stories : मुगलों के हरम में रात होते ही छा जाता था अंधेरा, जलती थी सिर्फ एक मशाल; चौंकाने वाली है वजह प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने बीआरसी की स्थिति को बेहद चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि जब बीआरसी जैसी महत्वपूर्ण इकाई ही ठीक से संचालित नहीं हो रही है, तो विद्यालयों की स्थिति का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। बच्चों की पढ़ाई, मध्याह्न भोजन और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की गुणवत्ता पर इसका सीधा असर पड़ता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीपीएम जरीना परवीन ने उनका मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उनका व्यवहार अन्य प्रतिनिधियों के साथ भी असहयोगात्मक हो सकता है ।खेलो झारखंड जैसी राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का आयोजन सोमवार को किया गया था, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों को इसकी कोई सूचना नहीं दी गयी। प्रचार-प्रसार के अभाव में यह कार्यक्रम विफल रहा और केवल पांच से सात विद्यालयों के छात्र ही इसमें भाग ले सके। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख ने जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार से दूरभाष पर बात की और बीआरसी की स्थिति से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

## दुबटिया मोड़ जपला-पथरा सड़क बदहाल, धूल उड़ने से राहगीर व आमलोग परेशान

हरिहरगंज पीपरा प्रखंड के दुबटिया मोड़ से जपला-पथरा जाने वाली सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों के गुजरने पर धूल का गुबार उठता है, जिससे आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है और लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। इससे कई लोग श्वसन संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। चार साल पहले 52 करोड़ की लागत से सड़क बनी थी करीब साढ़े चार वर्ष पूर्व तातेया कंस्ट्रक्शन द्वारा 52 करोड़ रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण में लापरवाही और रखरखाव के अभाव में यह सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिससे धूल की मात्रा और बढ़ जाती है। साइकिल, रिक्शा और बाइक चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। दुकानदारों की दुकानें दिनभर धूल से भर जाती हैं और फसलों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। इलाके में संचालित क्रशर यूनिटों द्वारा ओवरलोडेड हाइवा से गिट्टी और स्टोन डस्ट का लगातार परिवहन किया जाता है, जिससे सड़क की स्थिति और बिगड़ गयी है। कभी-कभार पानी का छिड़काव किया जाता है, लेकिन वह नाकाफी है। पैदल चलने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। मरम्मत या पुनर्निर्माण की मांग ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से सड़क की तत्काल मरम्मत या पुनर्निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि यह सड़क पूरे इलाके की जीवनरेखा है और इसकी उपेक्षा से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सड़क की मरम्मत से न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी समस्याओं से भी राहत मिलेगी।

## स्वदेशी अभियान के प्रति देश के हर वर्ग के लोगों का सहयोग मिल रहा है : कुसुमाकर



साहिबगंज:देश भर में भारतीय जनता पार्टी आत्म निर्भर भारत को लेकर बैठक आयोजित कर रही है वहीं मंगलवार को साहिबगंज जिला कार्यालय में आत्म निर्भर स्वदेशी अभियान के जिला संयोजक कुसुमाकर तिवारी के अध्यक्षता में बैठक की गई ।जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्म निर्भर भारत और स्वदेशी अभियान के प्रति देश के हर वर्ग के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है उसी प्रकार साहिबगंज जिला में भी पूरे जोर शोर से स्वदेशी वस्तु और आत्म निर्भर भारत के प्रति लोगों को जागरूक कर स्वदेशी अभियान चलाए जाएगा ।ये बातें जिला संयोजक कुसुमाकर तिवारी ने कही मौके पर जिला सह संयोजक अनुराग राहुल ने जनता से अपील किया कि किस प्रकार से आज देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है ।निश्चित ही हम सभी को स्वदेशी वस्तु का प्रयोग करना चाहिए एवं आत्म निर्भर भारत के प्रति लोगों को अधिक से अधिक देश में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग करने की बातें कहीं ।मौके पर उपाध्यक्ष ललिता पासवान,जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गरिमा साह,संतोष चौधरी,गौतम पंडित,कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष निर्मल बापी कुमार,अनुराग राहुल,बबलू मुर्मू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# स्पेन के अनुभवी डिफेंडर जोर्डी आल्बा सीजन के अंत में पेशेवर फुटबॉल से लेंगे संन्यास

एजेंसी



**मियामी :** बार्सिलोना और स्पेन की राष्ट्रीय टीम के अनुभवी डिफेंडर जोर्डी आल्बा ने घोषणा की है कि वह मौजूदा सत्र के अंत में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेंगे। स्पेनिश लेफ्ट-बैक आल्बा 2023 से मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी के लिए खेल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने क्लब के लिए 14 गोल और 38 असिस्ट दर्ज किए हैं। उनके योगदान से इंटर मियामी ने लीग्स कप और सपोर्टर्सह्ल शील्ड जैसे खिताब अपने नाम किए। आल्बा ने क्लब की वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, ह्लयह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है, जिस पर मैं लंबे समय से विचार कर रहा था। मुझे लगता है कि अब सही समय है एक नया व्यक्तिगत अध्याय शुरू करने का और अपने परिवार के साथ समय बिताने का, इतने सालों की पेशेवर फुटबॉल की मांगों के बाद। उन्होंने आगे कहा, ह्लमैं इंटर मियामी में अपने समय से बेहद खुश हूं और प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। टीम की सफलताओं का हिस्सा बनना और क्लब की प्रगति के साथ जुड़ना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब मेरा लक्ष्य है कि मैं सीजन को सर्वश्रेष्ठ तरीके से समाप्त करूं और प्लेऑफ में टीम को अपना सर्वस्व दूं।ह्व आल्बा ने अपने करियर की शुरूआत वलेंसिया से की थी और इसके बाद बार्सिलोना के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। बार्सिलोना के साथ उन्होंने छह ला लीगा खिताब, कई घरेलू कप, यूईएफए चैंपियंस लीग और फीफा क्लब विश्व कप जीते। स्पेन की राष्ट्रीय टीम के लिए उन्होंने 2012 यूईएफए यूरोपीय चैम्पियनशिप और 2022-23 यूईएफए नेशंस लीग खिताब जीता था।

जोर्डी आल्बा का करियर संक्षेप में:

क्लब: बार्सिलोना, वलेंसिया, इंटर मियामी।

प्रमुख उपलब्धियां: 6 ला लीगा, 1 चैंपियंस लीग, 1 फीफा क्लब विश्व कप।

अंतरराष्ट्रीय खिताब: यूरो 2012, नेशंस लीग 2022-23।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए मलेशिया रवाना

**कप्तान रोहित की अगुवाई में टीम 11 से 18 अक्टूबर तक खेलेगी मुकाबले**

एजेंसी




**बेंगलुरु :** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मंगलवार शाम केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, बेंगलुरु से मलेशिया के लिए रवाना हो गई, जहां 11 से 18 अक्टूबर 2025 तक सुल्तान ऑफ जोहोर कप का 13वां संस्करण खेला जाएगा। भारत ने इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था और इस बार टीम का लक्ष्य एक कदम आगे बढ़ते हुए फाइनल में स्थान बनाना है। अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के संतुलित मिश्रण से सजी यह टीम शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 11 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करेगी, जिसके बाद 12 अक्टूबर को न्यूजीलैंड, 14 अक्टूबर को पाकिस्तान, 15 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया और 17 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से भिड़ेगी। लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल में आमने-सामने होंगी। रवाना होने से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित ने कहा, ह्लहम सुल्तान ऑफ जोहोर कप में खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। यह टूनार्मेंट खास है क्योंकि इसमें दुनिया की सबसे मजबूत जूनियर टीमें हिस्सा लेती हैं। पिछले साल हम ब्रॉन्ज मेडल लेकर लौटे थे, लेकिन इस बार हमारा लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल तक पहुंचना है। टीम का माहौल बेहद सकारात्मक है और हर खिलाड़ी देश के लिए सर्वश्रेष्ठ देने को तैयार है। उन्होंने आगे कहा, ह्लपिछले कुछ हफ्तों में हमने बेंगलुरु में अपने ट्रेनिंग कैंप में बहुत मेहनत की है – खासकर स्पीड, स्ट्रक्चर और फिनिशिंग पर ध्यान दिया है। कोचिंग स्टाफ ने हमें अच्छी तरह तैयार किया है और टीम में एकजुटता की भावना मजबूत हुई है। हमें पता है कि हर मैच कठिन होगा, लेकिन हम इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारा पहला लक्ष्य ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ अच्छा आगाज करना और वहां से लय बनाना है।

## शरवरी ने शुरू की वेदांग रैना के साथ नई फिल्म की शूटिंग



**अभिनेत्री** शरवरी वाघ ने अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर फिल्म निर्माता इम्तियाज अली कर रहे हैं। उनके साथ शरवरी वाघ की अगली फिल्म ने पहले ही फैंस के बीच धूम मचा दी है। वेदांग रैना अभिनीत इस फिल्म की शूटिंग दशहरे के शुभ अवसर पर शुरू हुई है। इस मौके पर अभिनेत्री ने एक भावुक नोट लिखा है। शरवरी वाघ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक भावुक नोट लिखा है। उन्होंने लिखा सरस्वती पूजा के वक्त घर पर नहीं रह सकी। इसलिए मैंने अपने कमरे में स्क्रिप्ट के साथ अपनी छोटी सी पूजा की। एक बहुत ही खास निर्देशक और टीम के साथ एक बहुत ही खास फिल्म की शूटिंग शुरू।

## शंघाई मास्टर्स 2025: थकान और चोट से जूझते हुए जोकोविच क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**शंघाई :** नोवाक जोकोविच ने थकान और टखने की चोट के बावजूद जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए मंगलवार को स्पेन के जौमे मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से हराकर शंघाई मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ 38 वर्षीय सर्बियाई स्टार टूनार्मेंट में रिकॉर्ड पांचवां खिताब जीतने की दिशा में आगे बढ़ते रहे हैं, जबकि कई शीर्ष वरीय खिलाड़ी पहले ही बाहर हो चुके हैं। मैच के निर्णायक सेट में जोकोविच कुछ समय के लिए बेहद थके हुए और चोटिल नजर आए, जिससे लगा कि वे मुकाबला पूरा नहीं कर पाएंगे। लेकिन उन्होंने हिम्मत जुटाई और तीसरे सेट में अपने प्रतिद्वंद्वी को दो बार तोड़ते हुए जीत दर्ज की। मैच के बाद जोकोविच ने चीनी दर्शकों से कहा, ह्लथैंक यू, थैंक यू, आई लव यू!ह्व, और कोर्ट से लगभग तुरंत बाहर चले गए। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने शानदार शुरूआत की थी और चौथे गेम में ब्रेक हासिल किया, लेकिन जल्द ही उन्हें मेडिकल ब्रेक लेना पड़ा जब नेट की ओर दौड़ते समय उनका बायां टखना फिसल गया। फिजियो के उपचार के बाद उन्होंने मैच जारी रखा और पांचवां गेम होल्ड किया। दूसरे सेट के दौरान उन्होंने फिर से उपचार लिया और थकान के लक्षण स्पष्ट दिखाई दिए। 41वीं रैंक वाले मुनार ने दूसरे सेट के 12वें गेम में जोकोविच की गलती का फायदा उठाते हुए सेट अपने नाम कर लिया। जोकोविच उस समय कोर्ट पर गिर पड़े और कुछ क्षण तक वहीं पड़े रहे, लेकिन अपनी टीम की मदद से दोबारा उठे। तीसरे सेट में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए पहले और सातवें गेम में ब्रेक हासिल किया और दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

# फरहान अख्तर का कार्ड स्वाइप कर ड्राइवर ने की



**बॉलीवुड** एक्टर फरहान अख्तर और उनकी मां हनी ईरानी के साथ धोखाधड़ी हुई है। उन्हीं के घर में काम कर रहे ड्राइवर ने बिना जानकारी के एक्टर के कार्ड का इस्तेमाल किया है और पैसों की घपलेबाजी की। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी ड्राइवर से पूछताछ कर रही है। बांद्रा पुलिस ने बताया कि एक्टर की मां की मैनेजर दीया भाटिया ने शिकायत दर्ज कराई। मैनेजर ने आरोप लगाया कि ड्राइवर और पंप कर्मचारी ने मिलकर पैसों की घपलेबाजी की है और अब तक 12 लाख की धोखाधड़ी कर चुके हैं। बांद्रा पुलिस ने बताया कि एक्टर की मां का ड्राइवर बिना जानकारी के एक्टर के नाम से जारी कार्ड का इस्तेमाल कर रहा है। ड्राइवर एक्टर की मां हनी ईरानी की गाड़ियों में पेट्रोल के बहाने पेट्रोल पंप जाता और कार्ड स्वाइप करता, लेकिन गाड़ी में पेट्रोल भरवाता ही नहीं था। पेट्रोल पंप पर मौजूद शख्स को भी वो उसका हिस्सा देता था। पुलिस ने बताया कि गाड़ी में 35 लीटर ही पेट्रोल की क्षमता थी, लेकिन खाते में 62 लीटर पेट्रोल-डीजल का बिल दिखाया जाता। मामले में पुलिस ने ड्राइवर और बांद्रा झील के पास स्थित पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। पूछताछ में ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि फरहान के नाम से जारी कार्ड उसे 2022 में एक्टर के पूर्व ड्राइवर के जरिए मिले थे। वह पेट्रोल पंप पर बिना पेट्रोल भराए ही पेट्रोल पंप कर्मचारी से कैश ले लेता था और कमीशन के तौर पर कुछ हिस्सा कर्मचारी को भी देता था। रोजाना लगभग यह अमाउंट 1000 से 1500 के बीच होता था। बता दें कि हनी ईरानी फरहान अख्तर की मां और जावेद अख्तर की पहली पत्नी हैं। जावेद अख्तर और हनी ईरानी का तलाक 1985 में हो गया था और तलाक के तुरंत बाद लेखक ने शबाना आजमी से शादी कर ली थी। उसके बाद भी फरहान अख्तर और शबाना आजमी बहुत अच्छा बॉन्ड

# रानी को इस फिल्म के लिए मिलना चाहिए था राष्ट्रीय पुरस्कार



बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी को लंबे सिनेमाई करियर के बाद साल 2025 में उन्हें पहली बार मिसेज चटर्जी वर्सेज नार्वे फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय

**एक्ट्रेस की मां ने किया ये खुलासा**

पुरस्कार मिला। अब इस जीत पर एक्ट्रेस की मां ने प्रतिक्रिया दी है। जानिए उन्होंने क्या कहा। रानी मुखर्जी को बीते दिनों फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नार्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इस अवॉर्ड को प्राप्त करने के लिए उन्हें खूब सराहना मिली। अब इस पर एक्ट्रेस की मां ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा उन्हें अवॉर्ड मिलने में देरी हुई। साथ ही बताया कि रानी को किस फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना चाहिए था।

### रानी की मां ने कहा- ब्लैक फिल्म के मिलना चाहिए था

हाल ही में, रानी मुखर्जी की मां मुंबई में एक दुर्गा पूजा पंडाल में शामिल हुई थीं। यहां उन्होंने अपनी बेटी को पहला राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। लेकिन उन्हें यह बहुत देर से मिला। मुझे लगता है कि उन्हें यह पुरस्कार फिल्म 'ब्लैक' के लिए मिलना चाहिए था। लेकिन आज मुझे उन पर बहुत गर्व है।

### ● 30 साल बाद उसे पुरस्कार मिला

आगे बात करते हुए एक्ट्रेस की मां ने कहा, रानी मेरी बेटी जैसी है। हमें यह जानकर बहुत खुशी हुई कि उसे राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उसने ब्लैक में कमाल का काम किया है। मुझे समझ नहीं आता कि उस समय लोग उसे क्यों नहीं समझ पाए। उन्हें बहुत पहले ही यह पुरस्कार दे देना चाहिए था। 30 साल बाद उसे यह पुरस्कार मिल रहा है।

### ● मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म के बारे में

फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे नॉर्वे में रहने वाली एक भारतीय मां देबिका चटर्जी (मुखर्जी) की कहानी है। इसमें दिखाया गया है कि वह अपने बच्चों से जबरन अलग कर दिए जाने के बाद उनकी कस्टडी वापस पाने के लिए अधिकारियों से लड़ती हैं। इसके अलावा रानी मुखर्जी को अगली बार क्राइम ड्रामा फिल्म मर्दानी 3 में देखा जाएगा।

## अक्षय कुमार की बेटी को मिली साइबर धमकी पर रोहित रॉय का रिएक्शन, बोले- यह सबके लिए चिंता की बात है



अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया कि उनकी बेटी साइबर क्राइम का शिकार होते-होते बची। इस पर रोहित रॉय ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे सभी के लिए एक चिंताजनक बात बताया। अभिनेता रोनित रॉय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कंट्रोल को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म साइबर अपराध विषय पर बनी है। रोहित रॉय ने बढ़ते साइबर क्राइम पर चिंता जाहिर की। उन्होंने अक्षय कुमार की बेटी से जुड़ी उस घटना का भी जिक्र किया, जिसमें वह साइबर क्राइम का शिकार होते-होते बची। अभिनेता अक्षय कुमार ने साइबर क्राइम से जुड़ा एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि उनकी बेटी नितारा वीडियो गेम खेलते वक्त साइबर क्राइम का शिकार होते-होते बच गई।


### अक्षय कुमार की घटना पर रोहित ने दिया रिएक्शन

अक्षय ने इस घटना का जिक्र करते हुए महाराष्ट्र सरकार से साइबर क्राइम से जुड़ा एक चैप्टर कोर्स में भी शामिल करने की मांग की है। बता दें कि अक्षय की बेटी नितारा सिर्फ 13 साल की हैं। मुंबई स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में साइबर जागरूकता माह 2025 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह अक्षय ने बताया कि मेरी बेटी वीडियो गेम खेल रही थी। कुछ वीडियो गेम ऐसे होते हैं, जिन्हें आप किसी के साथ खेल सकते हैं। इस दौरान एक शख्स ने मेरी बेटी से अश्लील तस्वीरें भेजने को कहा। अक्षय कुमार के इस खुलासे के बाद ऑनलाइन सेफ्टी और डिजिटल युग में हाई-प्रोफाइल परिवारों की भी सुरक्षा को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। अक्षय के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रोहित रॉय ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे डिजिटल खतरे हर उम्र और हैसियत के लोगों पर हावी हो गए हैं।



# रुक्मिणी वसंत ने कांतारा - चैप्टर 1 को बताया ज़िंदगी बदल देने वाला अनुभव

आज जब कांतारा - चैप्टर 1 दुनियाभर में रिलीज़ हुई है, तब एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत ने अपने दिल की बात शेयर की। एक इमोशनल नोट में उन्होंने बताया कि कैसे ये सफर उन्हें एक कलाकार और इंसान दोनों रूपों में नया बना गया। उन्होंने लिखा ड्डएक साल पहले मुझे 'कांतारा - चैप्टर 1' का हिस्सा बनने का मौका मिला। इस फिल्म ने मुझे चुनौती दी, मुझे सिखाया, मेरे हुनर को निखारा और ज़िंदगी को एक नया नज़रिया दिया। ये फिल्म सच में प्यार और जुनून से बनी है - सैकड़ों लोगों की मेहनत से, जिन्होंने दिन-रात एक कर दिया। इस जादुई फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बेहद आभारी हूं। रुक्मिणी ने फिल्म के कप्तान ऋषभ शेट्टी को दिल से शुक्रिया कहा- ऋषभ सर इस प्रोजेक्ट की रीढ़ हैं।





# सामने आई रश्मिका मंदाना की 'द गर्लफ्रेंड' की रिलीज डेट

**अभिनेता** विजय देवरकोंडा से सगाई और शादी की तारीखें तय होने की चर्चाओं के बीच, रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। रश्मिका मंदाना और दीक्षित शेट्टी स्टारर फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर दर्शकों के बीच काफी वक्त से उत्साह बना हुआ था। अब मेकर्स ने आज फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है। जानिए कब सिनेमाघरों में आ रही है यह फिल्म?

**रश्मिका ने शेयर किया टीजर**

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा के साथ ही एक टीजर भी शेयर किया है। इसके साथ ही रश्मिका ने ये भी बता दिया है कि 'द गर्लफ्रेंड' 7 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी।

# रश्मिका मंदाना की राह पर कृति शेट्टी

**कृति** शेट्टी साउथ इंडिया सिनेमा में बहुत कम समय में तेज़ी से एक नया नाम बनकर उभर रही हैं, जिस पर ध्यान देना ज़रूरी है। अपनी बेहतरीन स्क्रीन प्रेज़ेंस, स्वाभाविक आकर्षण और उप्पेना, श्याम सिंघा रॉय, बंगाराजु और द वॉरियर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपने बहुमुखी अभिनय के साथ, उन्होंने दर्शकों और फिल्म निर्माताओं, दोनों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। जिस तरह एक समय में रश्मिका मंदाना ने पूरे देश में लोकप्रियता हासिल की थी, उसी तरह कृति भी अपनी शानदार अभिनय क्षमता और सादगी भरी मौजूदगी से उसी दिशा में आगे बढ़ती दिख रही हैं। जो उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे होनहार चेहरों में से एक बनाता है। काफी कम समय में, कृति ने प्रभावशाली भूमिकाओं का एक ऐसा संग्रह तैयार किया है। जिन किरदारों को कृति ने निभाया है, वे दिखाते हैं कि वह अलग-अलग जॉनर में – चाहे रोमांस हो या गंभीर ड्रामा – उनमें खुद को ढालने में पूरी तरह सक्षम हैं। उनके अभिनय में भावनात्मक जुड़ाव और कैमरे के सामने सहजता, उन्हें अपने समकालीन कलाकारों की तुलना में अलग पहचान दिलाती हैं। अपनी उम्र से कहीं ज़्यादा आत्मविश्वास और परिपक्वता दिखाने वाली कृति की यही खूबियाँ उन्हें उस इंडस्ट्री में अलग बनाती हैं जो हमेशा नई टैलेंट की तलाश में रहती है। कृति शेट्टी की पहचान सिर्फ एक मौजूदा लोकप्रिय कलाकार के रूप में नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद और टिकाऊ स्टार के रूप में बन रही है। वे अपने करियर में ऐसे किरदार और कहानियाँ चुन रही हैं जो न केवल उन्हें अभिनय का पूरा अवसर देते हैं, बल्कि व्यापक दर्शकों से जुड़ने का मौका भी।

# अमेरिका में शटडाउन की मार छुट्टी पर भेजे गए संघीय कर्मचारियों पर, वेतन पर संकट

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका में सरकारी शटडाउन की मार छुट्टी पर भेजे गए संघीय कर्मचारियों के वेतन पर पड़ सकती है। इस बात के पूरे आसार हैं कि इन कर्मचारियों को पिछला वेतन नहीं मिल पाएगा। व्हाइट हाउस ने संकेत दिया है कि वह छुट्टी पर गए संघीय कर्मचारियों को पिछला वेतन देने से इनकार कर सकता है। सरकारी शटडाउन से उत्पन्न हालात पर अमेरिका के लगभग सभी प्रमुख समाचार माध्यमों में चर्चा की गई है। ऑनलाइन न्यूज पोर्टल पॉलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, यूनियन नेताओं और डेमोक्रेटिक सांसदों ने कहा कि यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में पारित कानून के विपरीत होगा।




व्हाइट हाउस ने कहा है कि छुट्टी पर भेजे गए संघीय कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने के आसार हैं।ओवल ऑफिस में मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रशासन को सबकी चिंता है, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो देखभाल के लायक नहीं हैं। एक्सियोस ने व्हाइट हाउस के कड़े रुख की सबसे पहले सूचना दी। इसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल शुरू हो गई। व्हाइट हाउस और प्रबंधन एवं बजट कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों ने इस बात को स्वीकार किया है। लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेट्स ने बहुत से लोगों को जोखिम और संकट में डाल दिया है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान 35 दिनों से ज्यादा समय तक चले शटडाउन के बाद एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षरित किया था। यह आदेश पिछले वेतन की गारंटी प्रदान करता है। मगर ताजा रुख ने छुट्टी पर चल रहे 7,50,000 संघीय कर्मचारियों के सामने वेतन का संकट खड़ा कर दिया है। स्पीकर माइक जॉनसन का कहना है कि उन्होंने पिछले वेतन की गारंटी देने वाले 2019 के कानून के लिए मतदान किया था। जॉनसन ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि व्हाइट हाउस के ताजा आदेश पर बहस होगी। उम्मीद है कि छुट्टी पर गए कर्मचारियों को पिछला वेतन मिल जाएगा। कुछ कानूनी विश्लेषकों का मानना ??है कि सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए। डेमोक्रेट्स को इस पर तत्काल कठोर फैसला लेना चाहिए। इस बीच व्हाइट हाउस ने 2024 के चुनाव में ट्रंप के खिलाफ मतदान करने वाले राज्यों कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के लिए ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण को निलंबित कर दिया है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि शटडाउन से संबंधित किसी भी नौकरी में कटौती के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार होंगे। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि सरकारी शटडाउन के दौरान छुट्टी पर भेजे गए कुछ संघीय कर्मचारियों को काम पर लौटने के बाद भी पिछला वेतन नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक मसौदा ज्ञापन में साफ किया गया है कि अवैतनिक अवकाश पर भेजे गए संघीय कर्मचारियों को पिछला वेतन मिलने की गारंटी नहीं है। इस संकट को दूर करने के लिए कांग्रेस को विशेष रूप से उस धनराशि का विनियोजन करना चाहिए। मंगलवार दोपहर व्हाइट हाउस में जब ट्रम्प से उन कर्मचारियों के बकाया वेतन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ?मैं कहूँगा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम किसके बारे में बात कर रहे हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, संघीय उड्डयन प्रशासन ने कर्मचारियों की कमी के कारण नैशविले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जाने वाली उड़ानों पर मंगलवार रात कुछ समय के लिए रोक लगा दी है। हवाई अड्डे पर पूर्वी समयानुसार रात एक बजे तक उड़ानों को रोकने की जानकारी दी गई है।

## नोएडा हाट में लगेगा स्वदेशी मेला, 9 से 18 अक्टूबर तक होगा आयोजन

एजेंसी

**गौतम बुद्ध नगर :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में 9 से 18 अक्तूबर के बीच स्वदेशी मेले के आयोजन का आदेश जारी कर दिया है। गौतमबुद्ध नगर जिले का मेला नोएडा हाट में लगेगा। दस दिवसीय मेले में सुबह 11 से रात 8 बजे तक प्रवेश मिलेगा जहां लोगों को स्वदेशी सामान खरीदने का मौका मिलेगा और इस बार त्यौहारी सीजन में वह स्वदेशी चीजों की खरीददारी कर सकेंगे। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि यह मेला यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का ही हिस्सा होगा। आयोजन को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का सफल आयोजन हुआ था। सफलता पर



एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने प्रदेश के सभी जिलों में 10 दिवसीय स्वदेशी मेले के आयोजन की घोषणा की थी। सभी मेलों को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तहत ही आयोजित किया जाएगा। इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। लोगों को सुबह 11 से रात 8 बजे तक निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के उपायुक्त अनिल कुमार ने बताया कि मेले में स्वदेशी उत्पादों के निर्माण, बिक्री और प्रदर्शनी को बढ़ावा मिलेगा। लोगों से अपील की है कि इस दिवाली वे अपने घरों को स्वदेशी उत्पादों से सजाएं। साथ ही, जीएसटी की दरों में की गई कमी का भी लाभ उन्हें मिलेगा। एमएसएमई, खादी, एसएचजी, ओडीओपी, हैंडलूम आदि के 100 से अधिक स्टॉल लगेंगे जहां जिले में तैयार होने वाले उत्पादों को खरीदा जा सकेगा।

## इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में भीषण आग, करीब 30 लाख का नुकसान

एजेंसी

**अजमेर :** माखुपुरा क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में उसने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में करीब 30 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर थाना क्षेत्र के माखुपुरा स्थित सज्जन कम्प्यूटर एंड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग भयंकर रूप ले चुकी थी। आग से उठता धुआं और लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही सेन्दरिया स्टेशन से दो और आजाद पार्क से दो फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अजमेर



स्टेशन से फायरमैन ब्रजकिशोर, अभिषेक और रवि की टीम ने मिलकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आदर्श नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाने में मदद की। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया, जिससे शोरूम के निचले हिस्से को बचाया जा सका। हालांकि, ऊपरी हिस्से में रखा अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक सामान और फर्नीचर जलकर राख हो गया। शोरूम संचालक मुकेश सिंह रावत ने बताया कि दीपावली के सीजन को देखते हुए स्टॉक में एलईडी टीवी, एसी, मिक्सर, प्रेस, गैस चूल्हा, गीजर आदि बड़ी मात्रा में रखे थे। फिलहाल नुकसान का सटीक आकलन नहीं हो पाया है, लेकिन अनुमान है कि करीब 30 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वास्तविक आंकड़ा स्टॉक चेक के बाद सामने आएगा। फायर ब्रिगेड के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चंद्रकोना में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं और पंचायत सदस्य ने चलाया देशी शराब के खिलाफ अभियान

एजेंसी

**चंद्रकोना (पश्चिम मेदिनीपुर) :** जिले के चंद्रकोना दो नंबर ब्लॉक के दरबस्ती ग्राम में महिलाओं ने मिलकर देशी शराब के अवैध कारोबार पर कड़ा अभियान चलाया। स्थानीय सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलायें हाथ में लाठी लेकर सक्रिय हुईं और अभियान में कुआंपुर 4 नंबर ग्राम पंचायत की महिला सदस्या रमा आरी भी मौजूद रहीं। महिलाओं ने उन घरों में जाकर, जहां देशी शराब की बिक्री या सेवन होता था, सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि शराब पीने के कारण रोजाना गृह कलह होता है और छोटे बच्चे अस्वस्थ हो रहे हैं। अभियान के दौरान जब खबर मिली कि ग्राम में बड़ी मात्रा में देशी शराब मौजूद है, तो मौके पर डेप्युटी एक्सरसाइज कलैक्टर भी पहुंचे और सभी शराब को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों में राहत और उत्साह का माहौल रहा। महिला पंचायत सदस्य रमा आरी ने बताया कि यह पहल बच्चों और परिवारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए की गई है। ग्रामीणों ने (एस एच जी) समूह और पंचायत सदस्य के साहस और सतर्कता की सराहना की। स्थानीय प्रशासन ने भी महिलाओं के इस कदम को स्वागत योग्य बताया। समूह की महिलाओं ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि गांव में मादक पदार्थों से होने वाले खतरे को रोका जा सके और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

## चुनाव से पहले बंगाल में मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारी, आज होगी समीक्षा बैठक

एजेंसी

**कोलकाता :** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की उच्चस्तरीय टीम आज कोलकाता में राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय में बैठक कर पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में विधानसभा क्षेत्रवार मैपिंग की प्रगति की समीक्षा करेगी। यह बैठक राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की तैयारी के तहत आयोजित की जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अनुसार, आयोग ने विधानसभा क्षेत्रवार सटीक मैपिंग को अत्यंत महत्वपूर्ण माना है, ताकि जमीनी स्तर की वास्तविक स्थिति के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया, ह्लआयोग इस बात पर विशेष जोर




दे रहा है कि प्रत्येक जिले में क्षेत्रवार मैपिंग सही और समय पर पूरी हो। बैठक में एक और अहम मुद्दा बूथ-स्तरीय अधिकारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं का भी होगा। सूत्रों के मुताबिक, कुछ जिलों के लगभग 2,000 बूथों पर इस संबंध में शिकायतें मिली हैं। जिन जिलों में मैपिंग की प्रगति धीमी पाई जाएगी, वहां के जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों से ईसीआई टीम सीधे जवाब मांगेगी। यह समीक्षा बैठक चुनाव आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती की अध्यक्षता में होगी। आयोग के सूचना प्रौद्योगिकी महानिदेशक, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और सभी वरिष्ठ जिला स्तरीय चुनाव अधिकारी इसमें शामिल होंगे। हालांकि, उत्तर बंगाल के जिलों के जिलाधिकारी और अधीनस्थ अधिकारी इस बैठक से मुक्त रखे गए हैं, क्योंकि वे हालिया भारी वर्षा और भूस्खलन के बाद राहत और पुनर्वास कार्यों में व्यस्त हैं। आयोग ने निर्णय लिया है कि इन जिलों के अधिकारियों के साथ बाद में स्थिति सामान्य होने पर एक अलग वर्चुअल बैठक आयोजित की जाएगी। ईसीआई की केंद्रीय टीम मंगलवार रात कोलकाता पहुंच चुकी है। नौ अक्टूबर को टीम के वरिष्ठ अधिकारी कुछ जिलों का दौरा करेंगे और वहां के जिला स्तरीय चुनाव अधिकारियों के साथ सीधे संवाद करेंगे।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में लगातार सात कारोबारी दिनों से जारी तेजी के सिलसिले पर पिछले सत्र के दौरान ब्रेक लग गया, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक




गिरावट के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,714.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 153.30 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,788.36 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,660.16 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,483.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.04 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ 7,974.85 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक उछाल के साथ 24,385.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजार में से चार के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि चार सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। दक्षिण कोरिया के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से कोस्पी इंडेक्स में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,448.73 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.32 प्रतिशत टूट कर 8,142.88 अंक के स्तर तक आ गया है। हैंग सेंग इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 295.77 अंक यानी 1.10 प्रतिशत लुढ़क कर 26,662 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 177.85 अंक यानी 0.65 प्रतिशत फिसल कर 27,034.10 के स्तर तक आ गया है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,271.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,882.78 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.49 प्रतिशत उछल कर 1,311.65 अंक के स्तर पर और निक्केई इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ 47,959 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भीषण आग लगने से एक मंजिला रिहायशी मकान जलकर खाक

**कुलगाम :** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के देवसर के चेयान इलाके में बुधवार को भीषण आग लगने से एक मंजिला रिहायशी मकान जलकर खाक हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह मकान मोहम्मद जबर शाह के बेटे मुश्ताक अहमद शाह का था। आग सुबह-सुबह लगी और स्थानीय लोगों और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं (एफ एंड ईएस) के कर्मियों के मौके पर पहुँचने से पहले ही पूरी इमारत में फैल गई।
एक अधिकारी ने कहा कि आग को पूरी तरह से बुझाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। हालाँकि अभी तक किसी के घायल होने या जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### उत्तराखंड के चारों धामों में बर्फबारी, श्री हेमकुंड साहिब मार्ग पर चलना हुआ कठिन

**देहरादून :** उत्तराखंड में सोमवार से जारी बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी आज भी जारी है। विश्व प्रसिद्ध धाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ व बदरीनाथ के साथ ही हेमकुंड साहिब में बर्फबारी से ठंडक बढ़ गई है। हेमकुंड साहिब मार्ग पर दो फीट तक बर्फ जमा है। वही मैदानी इलाकों में सोमवार से शुरू हुई बारिश आज बुधवार को भी जारी है। बारिश और बर्फबारी से राज्य में सर्दी का आगाज हो गया है। वही मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने 3500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और पिथौरागढ़ बागेश्वर, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना जताई है। देहरादून में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। बारिश से पर्वतीय जिलों में जन-जीवन पर प्रभावित है। चारों धामों में बर्फबारी से कड़कती ठंड है। बदरीनाथ व केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने बताया कि कड़ाके की ठंड के बीच यात्रियों की सभी सुविधाएं जुटाई गई है। भोजन के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गंगोत्री व यमुनोत्री मंदिर समिति भी यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ अन्य सुविधाएं दे रही है। सिखों के पवित्र तीर्थ हेमकुंड साहिब बर्फ से आच्छादित है। यहां पैदल रास्ते में दो फीट से अधिक बर्फ जमा है। चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब का पैदल यात्रा इन मार्ग पर बर्फबारी जारी है। कड़ाके ीक ठंड में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान यात्रियों को सुरक्षित धाम तक पहुंचा रहे हैं। बर्फबारी से घांघरिया से हेमकुंड साहिब तक का पूरा पैदल मार्ग अब पूरी तरह बर्फ से ढक गया है। रास्तों पर भारी फिसलन और बर्फ की मोटी परत यात्रियों के लिए चुनौती बन गया है।

### नोएडा के दो नामी बिल्डरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**गौतम बुद्ध नगर :** उत्तर प्रदेश के नोएडा में दो नामी बिल्डरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि उन्होंने लाखों रुपए लेकर फ्लैट और कमर्शियल जगह उपलब्ध नहीं करवाई। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि दिल्ली में स्थित एनडब्ल्यूडी एंड सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की अधिकारी साक्षी बुद्धि राजा ने भूटानी इंफ्रा ,सीबीएसई इंटरनेशनल और उनके प्रतिनिधि पर 1.62 करोड रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाना सेक्टर 142 में मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि मामले में भूटानी इंफ्रा के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेम भूटानी के अलावा गौरव शर्मा, संजय रस्तोगी, आदित्य राज सक्सेना, नमन ,नसीम, साक्षी, माधुरी ,राजेश टंडन ,अमित, अनुराधा शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार उनकी कंपनी एक ऑफिस के लिए नोएडा मे निवेश की योजना बना रही थी। इसी दौरान भूटानी इंफ्रा के प्रतिनिधि नमन आदित्य राज सक्सेना और गौरव शर्मा आदि ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने बताया कि नोएडा के सेक्टर 90 स्थित भूटानी ग्रुप के प्रोजेक्ट अल्फा की तीसरी मंजिल पर स्थित यूनिट की खरीदारी के लिए बात हुई। उसकी कीमत करीब 4 करोड़ बताई गई। 6 जनवरी 2025 को एक बैठक हुई। बैठक में गौरव शर्मा ने कंपनी को बताया कि डील फाइनल करने के लिए कैश पेमेंट जरूरी है। आरोप है कि कंपनी को 1.62 करोड रुपए दिए गए। बाद जब शिकायतकर्ता ने गौरव शर्मा से संपर्क करने की कोशिश को तो उसका मोबाइल फोन बंद मिला। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में थाना सेक्टर 113 में अमित प्रसाद राय ने सेक्टर 79 स्थित सिक्का ग्रुप के कीमात्रा ग्रीन प्रोजेक्ट में एक फ्लैट बुक कराया था। उसके एवज में उन्होंने 7 8 लाख रुपया बिल्डर को दिया था। उनका आरोप है कि बिल्डर ने धोखाधड़ी करके उन्हें फ्लैट नहीं दिया, और उनके फ्लैट को किसी और को बेच दिया। उन्होंने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर सिक्का बिल्डर के डायरेक्टर हरविंदर सिंह सिक्का, डायरेक्टर गुरमीत सिंह सिक्का, गुरलीन कौर, राजीव शर्मा, हिमांशु जैन और चंद्रमणि देवी के खिलाफ थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज हुआ है।

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय आज जनजातीय गौरव दिवस कार्यशाला में होंगे शामिल

रायपुर 8 अक्टूबर (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बुधवार को रायपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, वह सुबह 11:35 बजे से सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाउस के कन्वेशन हॉल पहुंचेंगे, जहां वे जनजाति गौरव दिवस कार्यशाला में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर डीडीयू ऑडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से आयोजित ह्लराज्य स्तरीय परम्परागत वैद्य सम्मेलन में शिरकत करेंगे। वहीं 3:05 बजे पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में नियुक्ति पत्र वितरणह्व कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### बेटे और पत्नी की हत्या के बाद व्यक्ति ने लगाई फांसी

**मुर्शिदाबाद :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा थाना अंतर्गत आंदीरन हलदार पाड़ा गांव मंगलवार देर रात एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और सात वर्षीय बेटे का गला काटकर हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान संजीत हलदार (40), मौसुमी हलदार (28) और उनके सात वर्षीय बेटे रेहान हलदार के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, पति-पत्नी के बीच पारिवारिक कलह के कारण यह दर्दनाक घटना हुई।
पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार रात संजीत हलदार ने अपने कमरे में लकड़ी काटने वाले आरे से पत्नी और बेटे का गला रेत दिया, और फिर पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह जब संजीत की मां बाथरूम जाने के लिए उठीं, तो उन्होंने खिड़की से देखा कि उनका बेटा फंदे से लटक रहा है। उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसी आकर दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। अंदर का दृश्य देखकर सब स्तब्ध रह गए। संजीत की पत्नी और बेटे के शव रक्तरंजित हालत में पड़े थे। फौरन बेलडांगा थाने को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस नृशंस घटना के पीछे कोई और कारण तो नहीं है। घटना के बाद से संजीत की मां फूट-फूटकर रो रही हैं। उन्होंने कहा कि मेरी बहू ठीक नहीं थी। उसी की वजह से यह सब हुआ। एक बार वह घर छोड़कर चली गई थी, फिर वापस आई। संजीत की बहन शिवानी मंडल ने बताया कि मेरा भाई अपनी पत्नी से बहुत प्यार करता था। वह हमेशा कहता था कि कोई मेरी बीवी को कुछ मत कहना। पड़ोसी मंगल हलदार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता था, लेकिन वजह हमें नहीं पता थी। पूजा के समय भी दोनों साथ में कपड़े खरीदने गए थे। संजीत राजमिस्त्री का काम करता था और कोई नशा नहीं करता था। बेलडांगा थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता प्रो. नरहरि का निधन

**बेंगलुरु (कर्नाटक) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता एवं विधान परिषद के पूर्व सदस्य प्रो. के. नरहरि (93) का आज सुबह निधन हो गया। उम्रजनित बीमारियों से जूझ रहे प्रो. नरहरि ने सुबह करीब 4:30 बजे यहां अपने घर पर अंतिम सांस ली। प्रो. नरहरि ने कई दशकों तक संघ परिवार के विभिन्न संगठनों में प्रमुख भूमिका निभाई। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यकर्ता, राष्ट्रीय अखिल भारतीय महासंघ के अध्यक्ष और द माइथिक सोसाइटी के अध्यक्ष रहे। उन्होंने आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और जेल गए। संघ परिवार और भाजपा के अनेक नेताओं ने प्रो. नरहरि के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

न्यूज IN ब्रीफ

## पेट्रोल पंप संचालकों के सुरक्षा की गाइड लाइन जारी

**खलारी :** खलारी थाना पुलिस ने प्रखंड क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ मंगलवार को खलारी थाना प्रभारी सह निरीक्षक जयदीप टोप्पो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक हुई इस बैठक मे पंप संचालकों को कहा गया कि पेट्रोल पंपों पर चोरी, छिनतई और असामाजिक गतिविधियों की घटनाओं को देखते हुए और प्रबंधकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं. सभी पेट्रोल पंपों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें और वे 24 घंटे चालू स्थिति में रहें. कैमरों की स्थिति ऐसी हो कि पुरे पंप परिसर और आसपास का क्षेत्र स्पष्ट रूप से रिकार्ड हो सके.पुलिस ने न्दिेश दिया कि पंप पर पर्याप्त रोशनी, प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड और बैंक की तरह अलार्म सिस्टम की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाये.साथ ही एक रजिस्टर रखा जाए.,जिसमें पुलिस गश्ती दल अपनी उपस्थिति दर्ज करें, थाना प्रभारी नेकहा कि पंप परिसर में आपातकालीन संपर्क नंबर बोर्ड पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किये जाये और किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाये. ग्राहकों को नकद कम लेनदेन करने को कहा गया और ग्राहकों को डिजिटल भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने की भी सलाह दी गयी. यदि कभी बड़ी राशि ले जानी हो, तो पुलिस से सहायता ली जाये. उन्होंने कहा कि प्रत्येक पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने का प्रशिक्षण देना जरूर है. इन उपायों से पेट्रोल पंपों की सुरक्ष व्यवस्था मजबूत होगी और आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अकुश लगाया जा सकेगा.

## लचरागढ़ ईंद मेला आज रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कोलेबिरा :** प्रखंड के लचरागढ़ ईंद टांड़ मैदान में 08 अक्टूबर आज दिन बुधावार को ईंद मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बुधवार रात्रि आठ बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची के कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। ईंद मेला समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार साहू ने बताया कि रांची के कलाकार प्रीतम, प्रीति, अनिल मुंडा, जगदीश बड़ाइक, रुपेश बड़ाइक, केशो देवी, सुहाना देवी, डांसर नेहा, जुही, मुस्कान के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश



दुमका : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतें और सुझाव प्रशासन के लिए बहुमूल्य हैं, क्योंकि इन्हीं के आधार पर विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव है।

जनता दरबार में भूमि विवाद, पेंशन, आवास, जलापूर्ति, बिजली, सड़क मरम्मत, शिक्षा एवं राजस्व से जुड़ी समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को राहत मिल सके।उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें आमजन सीधे अपने मुद्दे रख सकते हैं।

## बंदगांव के थाना प्रभारी दुर्गा चरण मंडल अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं



**ज्योति पाठक :** पश्चिम सिंहभूम जिला चाईबासा के अति सूदूर क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले बंदगांव थाना में थाना प्रभारी के रूप में योगदान देने वाले दुर्गा चरण मंडल अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यों से अपराध नियंत्रण और नक्सलियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर नक्सलियों को बैकफुट पर भेजने में सफल रहे हैं। लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव ढंग से संपादित कर अपने अनुभव का परिचय दिया। अफीम की खेती के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के द्वारा भी हमेशा प्रोत्साहित किए गए। वहीं कोल्हान के डीआईजी अनुरंजन किस्फोटा ने भी थाना निरीक्षण के दौरान उनके कार्यों को संतोषजनक पाया। ऐसे थाना प्रभारी से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## चतरा के शहीद पार्क में शहीद विनय भारती को दी गई श्रद्धांजलि

**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित शहीद पार्क में 8 अक्टूबर 2005 को नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हुए डीएसपी विनय भारती समेत अन्य पुलिस कर्मियों को आज उपायुक्त श्रीमती कृतिश्री जी और एसपी सुमित अग्रवाल समेत अन्य पदाधिकारियों से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सशस्त्र बलों ने शहीद विनय भारती को सलामी भी दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले अन्य पदाधिकारियों में डीएसपी मुख्यालय अमिता लकड़ा,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन,सदर थाना प्रभारी बिपिन कुमार,अंचलाधिकारी अनिल कुमार शामिल थे। पत्रकारों से बात करते हुए उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चतरा आज पूरी तरह से नक्सल मुक्त जिला बन गया है। इसमें हमारे जिला के पुलिस कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इन्हीं में से एक थे डीएसपी विनय भारती जो आज ही दिन 8 अक्टूबर 2005 को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। आज हम इनकी शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। आपको बताते चलें कि शहीद डीएसपी विनय भारती की शहादत 8 अक्टूबर 2005 को चतरा के कुंदा थाना क्षेत्र की झगराही पहाड़ी पर माओवादियों के एक जाल में फंसने से हुई थी।जहाँ एक बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट और अंधाधुंध फायरिंग में उनके साथ सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट जेडी अमर सहित एक दर्जन पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे।

### पंचम राज्य वित्त आयोग की टीम ने की समीक्षा बैठक

# महिलाओं के रोजगार, पेयजल समस्या मनरेगा व आदर्श ग्राम योजना पर रहा फोकस

संवाददाता

**दुमका :** पंचम राज्य वित्त आयोग की टीम के द्वारा मंगलवार को समाहरणालय के सभागार कक्ष में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष ए.पी. सिंह ने की। बैठक में जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, मनरेगा, पंचायती राज, जिला परिषद तथा नगर परिषद से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम आयोग के अध्यक्ष ने जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्हें बताया गया कि जिले में दीदी की दुकान सहित महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। इस पर श्री सिंह ने कहा कि महिलाओं को ऐसे कार्यों से जोड़ा जाए, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो तथा उन्हें नए रोजगार अवसर प्राप्त हों।

कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना , मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, वन अधिकार अधिनियम (ऋक्रअ) और सामुदायिक वन अधिकार से संबंधित जानकारी दी गई। बताया गया कि जिले में




15 कल्याण आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जबकि 2 अस्पताल एनजीओ के माध्यम से चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा 2 कल्याण गुरुकुलों में बच्चों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाता है, जहां से प्रशिक्षित होने वाले विद्यार्थियों का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि गुरुकुलों से 5 वर्ष पूर्व प्रशिक्षित विद्यार्थियों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जाए और यह भी ट्रैक किया जाए कि उनके जीवन में किस प्रकार के सकारात्मक बदलाव आए हैं।

आईटीडीए की समीक्षा के दौरान श्री सिंह ने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी गांवों की मैपिंग कराई जाए और जरूरत के अनुसार पेयजलापूर्ति से संबंधित योजनाएं प्रारंभ की जाएं। उन्होंने कहा कि इसे अभियान के रूप में संचालित कर प्रत्येक गांव की पेयजल समस्या की पहचान कर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मनरेगा पर चर्चा करते हुए उन्होंने लंबित भुगतानों की जानकारी ली। बताया गया कि आवंटन की कमी के कारण भुगतान लंबित है। आयोग के अध्यक्ष ने बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत 6,600 एकड़ में की गई आम बागवानी की सराहना करते हुए कहा कि यह किसानों की आय बढ़ाने का एक बेहतर माध्यम है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से किसानों के उत्पाद को बेहतर मूल्य पर बेचा जाए और उन्हें मार्केटिंग सहायता उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप कुआं निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि पिछले 10 वर्षों में जिले में विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए कुआं निर्माण की मैपिंग की जाए।

खेलकूद के प्रोत्साहन हेतु उन्होंने पोटो हो खेल मैदान योजना के अंतर्गत सभी हाई स्कूलों में खेल मैदान विकसित करने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

बैठक में आदर्श ग्राम योजना की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत चयनित प्रत्येक गांव को 35 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। इनसे गांवों में बुनियादी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 4 गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में चयनित किया गया है।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने उन्हें जिले में चल रहे अन्य विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे और आयोग के अध्यक्ष ने संबंधित विभागों कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

## जेट परीक्षा को लेकर सिदो कान्हु मुर्मू विवि में आयोजित की जाएगी विशेष कक्षा

संवाददाता

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा की तैयारी को लेकर विशेष कक्षा के आयोजन का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय मंगलवार को कुलपति डॉ. कुनुल कंदीर की अध्यक्षता में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी और विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में तय किया गया कि झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली पीएचडी नामांकन और सहायक प्राध्यापक की पात्रता परीक्षा जेट के लिए विशेष कक्षाएं विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर विभागों में प्रारंभ की जाएंगी। इन कक्षाओं का लाभ न केवल वर्तमान छात्रों को मिलेगा, बल्कि पूर्ववर्ती छात्र भी इसका लाभ उठा सकेंगे। कक्षा में भाग लेने के लिए छात्रों को मात्र 100 रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा, जिसके बाद पूरा कोर्स निशुल्क



कराया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विभागाध्यक्षों को अपने विषय के पेपर-2 की तैयारी कराने की जिम्मेदारी दी जाएगी, जबकि पेपर-1 की तैयारी हेतु एक समेकित व्यवस्था की जाएगी, जिसे 'कॉमन क्लास' के रूप में संचालित किया जाएगा। बैठक में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जेन्देन्द्र यादव, प्रॉक्टर डॉ. राजीव कुमार, कुलसचिव डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, वित्त पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा, डॉ. पी.पी. सिंह, डॉ. बिनय कुमार सिन्हा, डॉ. टी.पी. सिंह, डॉ. संजीव सिन्हा, डॉ. सजीव कुमार, डॉ. एस.एन. अधिकारी, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. सुजीत सोरन, डॉ. संतोष शील, डॉ. स्वेता मरांडी, डॉ. नीलेश कुमार, डॉ. एस.एल. बॉंडया, डॉ. डी.के. मिश्रा, डॉ. राजेश यादव, डॉ. सुशील टुडू, अमिता कुमारी एवं दीपक कुमार सहित कई अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। विश्वविद्यालय प्रशासन का यह प्रयास छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए एक मजबूत मंच उपलब्ध कराएगा और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाई देगा।

### टीटांगर में झामुमो महिला मोर्चा का संगठनात्मक विस्तार

## महिला घर की रौनक है, दुनिया की रोशनी है : अनिल कंडुलना

सिमडेगा : रोस प्रतिमा सोरेंग की अध्यक्षता में नई कमेटी गठित, जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना और सचिव शफीक खान ने दी दिशा-निर्देश

सिमडेगा। दिनांक 07 अक्टूबर 2025 (शनिवार) को झामुमो महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती रोस प्रतिमा सोरेंग की अध्यक्षता में टीटांगर प्रखण्ड में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें प्रखण्ड अध्यक्षः अलका बिलिंग उपाध्यक्षः सुषमा देवी, नीलम टेटे, डोरोथी केरकेट्टा, अलोमत्ता केरकेट्टा, बसन्ती कुमारी सचिवः रेशमा खातून कोषाध्यक्षः कैरोलिन सोरेंग कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री अनिल कांडुलना, जिला सचिव श्री शफीक खान, तथा कई केंद्रीय सदस्य और वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला



अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने कहा कि ङ्गमहिला मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। इनके सशक्त होने से संगठन और भी मजबूत होगा। वहीं जिला सचिव शफीक खान ने कहा कि ङ्गनई टीम के गठन से टीटांगर में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। इस अवसर पर श्रीमती रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि ङ्गझामुमो की सरकार जनता की सरकार है। संगठन को मजबूत कर सरकार की योजनाओं को गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य है।ङ्घ इस अवसर पर झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव मो सफीक खान,जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, ओसकर डांग,जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो,जिला संगठन सचिव वकील खान,केंद्रीय सदस्य नोवास केरकेट्टा, बिरजो कंडुलना, प्रफुलित डूंग डूंग,झामुमो क्रीड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष देवेंदर साहू,पूर्व केंद्रीय सदस्य मो शहीद, पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर डांग,प्रखंड अध्यक्ष जूनास डांग, सचिव मसीदास कुल्लू और भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## मजदूर नेता ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दी



खलारी : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बमने और मनातू गांव की तीन मृतक महिलाओं के परिवारों को मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने सहायता प्रदान की.मालूम हो की बमने गांव की बुधनी देवी और मंजवा देवी तथा मनातू गांव की असवा देवी की हाल ही में बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी. इस दुखद समाचार की जानकारी मिलते ही अब्दुल्ला अंसारी स्वयें उनके घर पहुंचे, उन्होंने मृतक परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और तीनों परिवारों को श्राद्ध कर्म के लिए खाद्य सामग्री और आर्थिक सहायता की. इस तरह का कार्य क्षेत्र के गरीब और असाहय लोगों को मदद करते रहते हैं और हर परिस्थिति में मौजूद रहते हैं

## जनता की समस्याओं का समाधान को लेकर एसडीओ ने दिए निर्देश

संवाददाता

**देवघर :** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया




सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्यपालक अभियंता व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# प्रत्येक छात्र को रोज 30 मिनट योग करना चाहिए : योगाचार्य

### सैनिक स्कूल तिलैया में ङ्गएक भारत श्रेष्ठ भारतङ्घ एनसीसी कैंप का शानदार आगाज, 601 कैडेट्स ने दिखाया देशभक्ति का जोश

मेट्रो रेज संवाददाता

**झुमरी तिलैया (कोडरमा) :** सैनिक स्कूल तिलैया में ङ्गएक भारत श्रेष्ठ भारतङ्ख1/25 बिहार एंड झारखंड निदेशालयङ्घ के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर का एनसीसी शिविर जोश और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। ग्रुप हेड क्वार्टर हजारीबाग के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एस. गोपीकृष्णन (सेना मेडल) के मार्गदर्शन तथा 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार (सेना मेडल) के कुशल नेतृत्व में देशभर से आए 601 कैडेट्स ने इसमें भाग लिया। शिविर की



शुरूआत योग गुरु प्रदीप सुमन और योगाचार्य सुषमा सुमन के निर्देशन में प्राणायाम सत्र से हुई। योगाचार्य ने कहा कि ङ्गप्रत्येक छात्र को रोज 30 मिनट योग करना चाहिए ताकि तन और मन दोनों स्वस्थ रहें। कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि ङ्गएक भारत श्रेष्ठ भारतङ्घ अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता की समझ और आपसी सद्भाव को मजबूत करना है। उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन, आत्मविश्वास और नैतिकता को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। दिन के दूसरे सत्र में एसबीआई के एसोसिएट मैनेजर वीरेंद्र कुमार ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन में सतर्कता पर महत्वपूर्ण सत्र लिया। शाम में विभिन्न राज्यों के कैडेट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की समृद्ध परंपरा और विविधता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संचालन में लेफ्टिनेंट संतोष कुमार, अभिजीत आनंद, नवीन चौधरी और एनसीसी अधिकारियों की टीम का विशेष योगदान रहा। शिविर ने एकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का सशक्त संदेश दिया।